राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 19 अंक: 257 पृष्ठ: 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पंजाब: बाढ़ पीड़ितों के लिए मिशन चढ़दी कला शुरू किया



**चंडीगढ़।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के प्रयास तेज करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को मिशन चढ़दी कला की शुरूआत की है। इस मिशन के तहत प्रदेश में बाढ़ प्रभावित लोगों को पुनः अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फंड जुटाने का अभियान चलाया जाएगा। एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि बीते समय प्रदेश एक ऐसे कठिन दौर से गुजरा है, जिसे हमारी पीढ़ियां कभी भूल नहीं सकेंगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ ने सिर्फ पानी का कहर नहीं ढाया, बल्कि लाखों सपने भी बह गए। बाढ़ में 2300 गांव डूब गए हैं, 20 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, पांच लाख एकड़ फसल बर्बाद हो गई है, 56 कीमती जानें चली गईं और 7 लाख लोग बेघर हो गए.इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 3200 स्कूल बर्बाद हो गए, 19 कॉलेज मलबे में बदल गए, 1400 क्लीनिक व अस्पताल खंडहर बन गए हैं।

# पराली जलाने वालों की गिरफ्तारी क्यों नहीं, किसान अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पराली जलाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हर साल दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों की शुरूआत से पहले ही प्रदूषण का लेवल बढ़ जाता है। इसकी एक वजह पराली जलाना भी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर कहा कि कुछ किसानों को जेल भेजने से दूसरों को सबक मिलेगा और इस आदत पर लगाम लगेगी। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में नाराजगी जताई।

सुप्रीम कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने बताया कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए सब्सिडी के साथ ही मशीनें भी दी गई हैं लेकिन किसान बहाना बनाते हैं। कुछ किसान कहते हैं कि उन्हें ऐसी जगह पराली जलाए जाने के लिए कहा जाता है कि जहां सैटेलाइट नजर नहीं रखता। कई किसान लाचारी दिखाते हैं। कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने इस मामले में गहरी नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सुनवाई के दौरान कहा कि



कुछ लोगों को जेल भेजने से 'सही संदेश जाएगा'। यह देखते हुए कि किसानों का योगदान सभी को भोजन उपलब्ध कराना है, भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने तर्क दिया कि इसका मतलब यह नहीं है कि पर्यावरण की रक्षा नहीं की जा सकती। अगर कुछ लोग सलाखों के पीछे जाएंगे तो इससे सही संदेश जाएगा।

**सुप्रीम सख्ती**

**सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर कहा कि कुछ किसानों को जेल भेजने से दूसरों को सबक मिलेगा**

आप किसानों के लिए कुछ दंडात्मक प्रावधानों के बारे में क्यों नहीं सोचते... अगर आपका पर्यावरण संरक्षण का सच्चा इरादा है तो फिर पीछे क्यों हट रहे हैं?
सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा पर केंद्रित थी। चीफ जस्टिस ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों सरकार इस मामले में सख्त कानूनी कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा, "अगर कुछ लोगों को जेल भेजा जाए तो सही संदेश जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

## डॉलर की तुलना में 26 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में गिरावट और पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों की वजह से शेयर बाजार के साथ मुद्रा बाजार में भी सकारात्मक माहौल बना रहा। मुद्रा बाजार में बने सकारात्मक माहौल और मुद्रा बाजार में डॉलर की आवक बढ़ने के कारण रुपया आज लगातार दूसरे दिन डॉलर की तुलना में मजबूत होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 26 पैसे उछल कर 87.81 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा ने 88.07 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। रुपये ने आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 24 पैसे की बढ़त के साथ 87.83 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद कुछ देर के लिए रुपया 36 पैसे की मजबूती के साथ 87.71 के स्तर तक भी पहुंचा, लेकिन इसके बाद डॉलर की मांग में तेज आने के कारण रुपया ऊपरी स्तर से फिसल कर 87.86 के स्तर तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 26 पैसे की मजबूती के साथ 87.81 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

## केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से दहशत

**नई दिल्ली।** केरल से परेशान करने वाली खबर सामने आई है, यहां प्राथमिक अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दिया है। यह एक मस्तिष्क संक्रमण है जिसकी मृत्यु दर बहुत अधिक है। यह संक्रमण नेगलेरिया फाउलेरी के कारण होता है, जिसे आमतौर पर 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के रूप में जाना जाता है। इस साल, केरल में पीएएम के 61 मामले सामने आए हैं और 19 मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से कई मौतें पिछले कुछ हफ्तों में हुई हैं।

### ये नया भारत है, ये किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है, ये घर में घुसकर मारता है: मोदी

# जैश के आतंकी ने पाक की पोल खोल दी: पीएम मोदी

**औद्योगिक**

**आज से बड़ी औद्योगिक शुरूआत होने जा रही है। भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को ऊर्जा मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का शुभारंभ और सुमन सखी चैटबाट का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा, हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है कि एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रोकर अपना हाल बताया। ये नया भारत है, ये किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। ये घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज 17 सितंबर के दिन देश ने सरदार पटेल की फौलादी शक्ति देखी थी। आज हैदराबाद के लोगों को आजादी मिली थी। हैदराबाद में बड़े शान से लिबरेशन डे का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। मां भारती से बड़ा कोई नहीं, हम जिएं तो देश के लिए, हमारा हर पल समर्पित हो तो देश के लिए। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती यानी आज से बड़ी औद्योगिक शुरूआत होने जा रही है। भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को ऊर्जा मिलेगी। देशभर के लाखों किसान इस समय जुड़े हैं। टेक्सटाइल पार्क से लोगों को बड़ी संख्या से रोजगार मिलेगा।
उन्होंने कहा कि हम सब देखते हैं कि मां ठीक रहती है तो सब ठीक रहता है। मां अगर बीमार होती है तो सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं।



### प्रधानमंत्री ने पीएम मित्र पार्क का किया शिलान्यास,

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान का शुभारंभ और सुमन सखी चैटबाट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को स्वदेशी अपनाने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जो भी खरीदें, वह देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप भी देश के लिए मेरी मदद कीजिए। महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का आंदोलन बनाया था। हमें इसे विकसित भारत के लिए जरूरी बनाना है। हम दिवाली की मूर्तियां, सजावट का सामान, टीवी-फ्रिज खरीदते समय देखें कि ये देश में बना है कि नहीं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी खुली जीप में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के बीच से निकले और उनका अभिवादन करते हुए मंच तक पहुंचे।

### 'मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं'

पीएम ने कहा मैं ज्ञान की देवी, धार भोजशाला की देवी के चरणों में प्रणाम करता हूं। आज विश्वकर्मा जयंती है, उनके चरणों में भी नमन करता हूं। धार की धरती हमेशा से पराक्रम और प्रेरणा की धरती रही है। महाराजा भोज का शौर्य हमें राष्ट्र गौरव की रक्षा के लिए डटे रहने की सीख देता है। महर्षि दधिचि हमें मानव सेवा की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं। हमारा हर पल देश के लिए समर्पित हो। देश पर मर-मिटने की सौगंध लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था। वे चाहते थे कि देश गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आगे बढ़े। आज इसी प्रेरणा से भारत के 140 करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। विकसित भारत की इस यात्रा के चार स्तंभ है। नारी शक्ति, गरीब, युवा और किसान। यहां से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एक महाअभियान का आरंभ हो रहा है। देशभर में अलग-अलग चरणों में आदिसेवा पर्व की गूंज पहले से सुनाई दे रही है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत दिल्ली सरकार की लगभग 1723 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## एनएचएआई ने निविदा नियम किए सख्त

**नई दिल्ली।** देश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता बेहतर बनाने और समय पर पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निविदा प्रक्रिया (आरएफपी) से जुड़े नियम और सख्त कर दिए हैं।
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि इन बदलावों का उद्देश्य परियोजनाओं की लागत कम करना, सही योग्यता वाले ठेकेदारों को मौका देना और पैसों से जुड़ी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है। नए नियमों के तहत ठेकेदारों के लिए समान काम को परिभाषित कर दिया गया है। अब वही कंपनियां बोली लगा पाएंगी, जिन्होंने पूरी राजमार्ग परियोजना का अनुभव लिया हो। इससे वे ठेकेदार बाहर हो जाएंगे जो केवल छोटे-मोटे काम का अनुभव दिखाकर बड़े प्रोजेक्ट ले लेते थे। परियोजनाओं में बिना अनुमति नए ठेकेदार लगाना या तय सीमा से ज्यादा काम उप-ठेके पर देना गलत माना जाएगा।

# ईवीएम पर अब कैंडिडेट्स के रंगीन फोटो लगेंगे




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ईवीएम बैलेट पेपर को अधिक स्पष्ट और पढ़ने योग्य बनाने के लिए अब से बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटोग्राफ और बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर छापेगा। बिहार से इसकी शुरूआत होगी। चुनाव आयोग ने एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोग का कहना है कि इन बदलावों से मतदाताओं को सुविधा होगी और अधिक पारदर्शिता आएगी।
नए नियमों में अब उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी। वहीं अंक भी बड़े और बोल्ड अक्षरों में होंगे। आयोग का कहना है कि यह भी पिछले छह महीनों में उठाए गए 28 सुधारात्मक कदमों की ही तरह हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम समान फॉन्ट और बड़े आकार में लिखे जाएंगे। बैलेट पेपर 70 जीएसएम कागज पर छपेंगे। विधानसभा चुनावों के लिए विशेष आरजीबी मानकों वाले गुलाबी रंग के कागज का उपयोग किया जाएगा।

## अबूझमाड़ में पांच महिला समेत 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने से नक्सली भयभीत हैं। ऐसे में घबराये हुए नक्सली सरेंडर करने को मजबूर हैं। सुरक्षा बलों के बस्तर संभाग में सर्चिंग से नक्सली संगठन लगातार कमजोर होते जा रहा है। आज बुधवार को नारायणपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पांच महिला सहित कुल 12 माओवादियों ने आज पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान बीएसएफ और आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे। सरेंडर किए सभी माओवादियों पर 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सल विरोधी अभियान के चलने से माआवोदी बैकफुट पर हैं।

# सीएम सुक्खू ने की भारी बारिश से हुई तबाही की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला/पंकज शर्मा**
मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में पिछले 48 घंटों के दौरान हुई भारी वर्षा से हुई तबाही की समीक्षा के लिए बुधवार को यहां बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुई जान-माल की क्षति पर गहरी चिंता जताते हुए अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें से तीन लोग मंडी जिला के निहारी क्षेत्र और दो लोग सदर उपमंडल के पंडोह मोहाल सुमा क्षेत्र से संबंधित हैं। इसके अलावा, दो लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सितम्बर माह में सामान्य से 136 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है। पूरे मॉनसून सीजन में अब तक 45 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान राज्य में 417 लोगों की मौत हो चुकी है, 45 लोग लापता हैं और बारिश, बादल फटने व भूस्खलन से 4,582 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।



**भारी बारिश**

**417 लोगों की मौत हो चुकी है, बारिश, बादल फटने व भूस्खलन से 4,582 करोड़ की संपत्ति का नुकसान**

## जीएसटी दरों में बदलाव से हरित ऊर्जा को मिलेगी गति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर को युक्तिसंगत बनाये जाने से देश में स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति मिलेगी। मंत्रालय के तय लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। संशोधित जीएसटी दरें 22 सितंबर, 2025 से लागू होंगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में जीएसटी दरों को 12 से 5 फीसदी तक युक्तिसंगत बनाने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम हो जाएगी, जिससे बिजली ज्यादा सस्ती हो जाएगी और घरों, किसानों, उद्योगों एवं डेवलपर्स को सीधे लाभ होगा।

*रोहतक में नमो वन का उद्घाटन: हरियाणा के रोहतक में सेक्टर-2 में मियावाकी पद्धति से विकसित किए जा रहे नमो वन का उद्घाटन किया*

# नड्डा और सीएम सैनी ने 10 हजार पौधे रोपकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हरियाणा के रोहतक में सेक्टर-2 में मियावाकी पद्धति से विकसित किए जा रहे नमो वन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मौजूद रहे। नड्डा और सैनी ने रोहतकवासियों के साथ मिलकर नमो वन में करीब 10 हजार पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पौधरोपण करते हुए पर्यावरण प्रेमियों से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सीधा संवाद किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ पर्यावरण में स्वस्थ जीवन की विचारधारा के साथ देश को विकसित भारत की ओर ले जाने में अग्रसर हैं, ऐसे में हम सभी का ये दायित्व बनता है कि उनकी इस साकारात्मक सोच को सार्थक करने में सभी अपनी भूमिका निभाएं।उन्होंने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे घर की जिम्मेदारी जिस प्रकार पूरी लगन से निभा रही हैं ठीक उसी अनुरूप वे स्वयं तथा अपने परिजनों को भी पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनाने में आगे आएं और अधिक से अधिक पौधे रोपित करते हुए पर्यावरण प्रहरी बनें।हजारों की संख्या में नमो वन में पौधरोपण करने आई महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आश्वस्त किया कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में जो कदम बढ़ाए जा रहे हैं उसमें रोहतक की महिलाओं सहित उनके परिजनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। नमो वन में पौधे रोपित करने के लिए पहुंचे लोगों का, विशेषकर महिलाओं व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि संतुलित पर्यावरण बनाते हुए हम स्वस्थ जीवन की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं।

**पौधरोपण**

**देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत बनाने की दिशा में जो कदम बढ़ाए जा रहे हैं**

# पेंशन, अनुदान व आर्थिक सहायता के लिए जरूरी हुआ आधार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में अब तृतीय और चतुर्थ स्तर के कैंसर सहित विभिन्न असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए सरकार के स्तर पर हर महीने मिलने वाली वित्तीय सहायता के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। सरकार ने विभिन्न सेवाओं के लिए बुधवार को नई गाइडलाइन जारी की है।
अब विधवा और विधुरों तथा कुंवारों को पेंशन भी तभी मिलेगी जब उनके पास आधार नंबर होगा। इसी तरह पद्म विभूषण, पदम भूषण और पद्मश्री अवार्ड विजेताओं को गौरव सम्मान के लिए हर महीने मिलने वाले 10 हजार रुपये भी आधार कार्ड होने पर ही मिलेंगे। सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग ने योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आधार नंबर अनिवार्य किया है। विभिन्न सेवाओं के लिए आधार की अनिवार्यता को लेकर विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने आदेश जारी कर दिया है। आधार कार्ड से ही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति का प्रमाणीकरण करवाना होगा।
अगर आधार संख्या नहीं दी है तो उसे नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। 18 साल से कम उम्र के आवेदक की स्थिति में आवेदन केवल उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति से ही किया जाएगा।






# उत्तर भारत

नई दिल्ली, 18 सितम्बर 2025

दैनिक एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

http:// www.actionindialive.com




# विश्वकर्मा जयंती: टूलकिट और ट्रेनिंग स्कीम से जुड़ेंगे 12 नए ट्रेड्स

### अबतक 11 ट्रेड्स से जुड़े शिल्पकारों और कारीगरों को मिलते थे टूलकिट और प्रशिक्षण, अब 12 नए ट्रेड्स को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में मिलेगा स्थान, राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय विश्वकर्मा एक्सपो-2025 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा एक्सपो-2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि परंपरागत 11 कारीगर ट्रेड्स के साथ अब 12 नए ट्रेड्स को जोड़ा गया है। इनमें मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल गुड्स रिपेयरिंग, प्लंबर, कंप्यूटर रिपेयरिंग, सोलर पैनल रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, ब्यूटी एंड वेलनेस सहित अन्य शामिल हैं। सीएम योगी ने कहा कि इन नए क्षेत्रों को जोड़कर युवाओं को आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े आठ साल में हमारे कारीगरों, शिल्पकारों ने यूपी को बीमारू राज्य से बाहर निकालकर इसे विकास का ग्रोथ इंजन बना दिया है। अब कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ही इसे बीमारू राज्य कहता होगा, अन्यथा पूरे देश की धारणा उत्तर प्रदेश को लेकर बदल चुकी है। यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश हो चुका है।





**एमएसएमई सेक्टर के लिए 1.32 लाख करोड़ का ऋण**

कार्यक्रम में प्रदेशभर के कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के लिए बैंकों द्वारा 1,32,000 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राशि कई राज्यों के वार्षिक बजट से भी अधिक है। मंच से सीएम योगी ने सीतापुर की शशि देवी को 2 लाख और लखनऊ की अंशु शर्मा को 9.5 लाख का ऋण प्रदान किया।

**12 हजार कारीगरों को टूलकिट वितरण**

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदेशभर के 12,000 कारीगरों को टूलकिट वितरण किया गया। इनमें लखनऊ के ऋत्विक कनौजिया और प्रियंका कुमारी को मंच से टूलकिट प्रदान कर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

**युवाओं को जॉब सीकर नहीं, जॉब प्रोवाइडर बनाना लक्ष्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी अब बीमारू प्रदेश नहीं, बल्कि देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है। 2017 में जहां 100 रुपये जमा पर केवल 44 रुपये का ऋण मिलता था, वहीं आज यह अनुपात 62 प्रतिशत हो गया है। लक्ष्य है कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे 75 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**ओडीओपी से मिली नई पहचान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परंपरागत उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना अब पूरे देश के लिए मॉडल बन गई है। इस योजना ने यूपी को 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपये का निर्यात करने वाला राज्य बना दिया है। इससे लाखों युवाओं को रोजगार और प्रदेश को नई पहचान मिली है।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है ग्रामीण भारत**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचार को याद किया। उन्होंने कहा कि पहले गांव आत्मनिर्भर हुआ करते थे और वहां के कारीगर और शिल्पकार ही सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को मजबूती देते थे। उन्होंने आह्वान किया कि आज भी कारीगर अपनी विशेषज्ञता और हुनर से प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाएं। उन्होंने कहा कि हमारे कारिगरों के पास सबकुछ है। आज क्रिकेट और फुटबॉल दुनियाभर में खेला जाता है, मगर उसकी सामग्री तैयार होती है मेरठ में। चमड़े का कार्य आगरा में होता है। कार्पेट में वाराणसी, मीरजापुर और भदोही के कारीगरों का हुनर पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों और संगठनों के साथ 3 महत्वपूर्ण एमओयू साइन किए गए।

### यूपीआईटीएस-2025 में दिखेगा परंपरा और निवेश अवसरों का संगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 (यूपीआईटीएस-2025) में एक भव्य और आधुनिक पवेलियन प्रदर्शित करेगा। इसमें प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन निवेश संभावनाएं और आर्थिक प्रगति को दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। इस बार पवेलियन को इमर्सिव और पर्यावरण-अनुकूल रूप में तैयार किया जा रहा है। इसमें डिजिटल स्टोरीटेलिंग, एआर/वीआर डिस्प्ले, ऑटो-नेविगेशन कियोस्क और सेल्फी जोन जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

### 'विकसित यूपी @2047' के लिए सुझाव दे रहे आमजन

**लखनऊः** योगी सरकार द्वारा संचालित 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047' अभियान निरंतर जनभागीदारी और सुझावों के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बुधवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यावसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया। इस संवाद में न केवल विगत आठ-साढ़े 8 वर्षों की विकास यात्रा साझा की गई।

### यीडा क्षेत्र में दो बड़ी कंपनियां कर रहीं 3500 करोड़ का निवेश

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार बड़े निवेश का गढ़ बनता जा रहा है। प्रदेश के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहा, जब दो बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं को हरी झंडी मिली। आरपी-संजीव गोएनका ग्रुप ने यीडा (यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 3 ऋ्रह सोलर सेल और इंटीग्रेटेड सोलर ईकोसिस्टम हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही 60 मेगावाट कैप्टिव सोलर और एनर्जी स्टोरेज (एरर) प्लांट भी लगेगा। करीब 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से बनने वाली यह परियोजना न केवल भारत की नवीकरणीय ऊर्जा ट्रांजिशन को गति देगी।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रमिकों और युवाओं को दी सौगात

**योजना**

16 लाख 4 हजार 929 श्रमिकों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के अन्तर्गत 5 हजार राशि भेजी गयी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिहार।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बिहार सरकार ने राज्य के 16 लाख से अधिक श्रमिकों को 'वार्षिक वस्त्र सहायता योजना' के तहत 802 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के श्रमिकों को बड़ी सौगात दी है।

बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत 16 लाख 4 हजार 929 निर्माण श्रमिकों के खाते में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना के अन्तर्गत 5 हजार रुपये की दर से राशि भेजी गयी है। कुल मिलाकर 802 करोड़ 46 लाख 46 हजार रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में भेजे गये हैं।



**युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान मिलेगी आर्थिक सहायता**

मुख्यमंत्री ने आज के दिन युवाओं के लिए भी नई पहल की है। उन्होंने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के तहत एक वेब पोर्टल जारी किया है। इस पोर्टल के जरिए राज्य के प्रशिक्षित युवाओं को सूक्ष्म, मध्यम एवं लघु उद्योग, सार्वजनिक उपक्रमों और सरकारी संस्थानों में इंटर्नशिप (प्रशिक्षण) का मौका मिलेगा। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान उन्हें आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। दरअसल, 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' बिहार सरकार द्वारा युवाओं के लिए शुरू की गई एक योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, इंटर्नशिप और रोजगार के अवसर प्रदान करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह योजना विशेष रूप से 18 से 28 वर्ष के युवाओं को लक्षित करती है और उन्हें विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर प्रशिक्षित करती है।

# टीवीएस मोटर कंपनी और नॉइज ने पेश किया ईवी स्मार्टवॉच एकीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** दोपहिया और तिपहिया वाहन खंड में वैश्विक स्तर पर अग्रणी टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम)और भारत के अग्रणी कनेक्टेड लाइफस्टाइल ब्रांड नॉइज ने आज भारत में निर्मित उद्योग में पहली बार पेश किया जा रहा नवोन्मेष भारत का पहला ईवी स्मार्टवॉच इंटीग्रेशन पेश किया जो सवारों के अपने वाहनों से नए तरीके से जुड़े रहने में मदद करता है।यह एकीकरण टीवीएस आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर को एक विशेष संस्करण नॉइज स्मार्टवॉच से जोड़ता है जिसे वाहन की स्थिति,बैटरी की जानकारी, टायर प्रेशर और सुरक्षा अलर्ट सहित महत्वपूर्ण अपडेट के लिए वास्तविक समय के आधार पर पहुंच प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है साथ ही इसमें कई मूल स्मार्ट वॉच के फीचर भी हैं।टीवीएस आईक्यूब ने घरेलू बाजार में 6,50,000 वाहन की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है जिससे भारत के नंबर 1 ईवी स्कूटर ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति और पुख्ता हो गई है। नॉइज के साथ यह साझेदारी ग्राहकों की पसंद का विस्तार है स्मार्टवॉच को एक सच्चे मोबिलिटी साथी में बदल देती है जो वाहन के फीचर तक सहज पहुंच प्रदान करती है।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ लिया चाय का स्वाद, टी वेंडर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना से जोड़ने के दिए निर्देश।

# हाईकोर्ट ने पीएम की मां का एआई वीडियो सोशल मीडिया से तुरंत हटाने को कहा

**कांग्रेस को झटका**

कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह हाशिए पर चली गई है और अपना जनाधार व राजनीतिक वर्चस्व खो चुकी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पटना उच्च न्यायालय ने बुधवार को बिहार कांग्रेस की तरफ से पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां का एआई वीडियो शेयर किए जाने के मामले में कड़ी नाराजगी जताई है। उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी की मां का एआई वीडियो सोशल मीडिया से तत्काल हटाने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां का एआई वीडियो जारी करने पर पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की मां पर बनाए गए एआई वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तत्काल हटाने का आदेश दिया है। यह निर्देश एक सुनवाई के दौरान दिया गया। अदालत के इस आदेश को कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां के एआई वीडियो से जुड़ी पीआईएल को लेकर पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर केंद्र सरकार के वकील रत्नेश कुशवाहा ने बताया कि कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है। बिहार कांग्रेस ने बीते दिनों प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां को लेकर एक एआई वीडियो जारी किया था। वीडियो में दिखाया गया था कि प्रधानमंत्री मोदी की मां अनके सपने में आती हैं और उनसे बात करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां का एआई वीडियो जारी करने के बाद इसे लेकर कांग्रेस की खूब निंदा हो रही है।

# स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी: विनोद अग्रवाल

**अभियान**

अभियान की शुरूआत वार्ड संख्या 47 स्थित कंकाली मंदिर के पास खाली भू-भाग पर स्वच्छ्ता के साथ हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा/लोकेश चौधरी**

भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ बुधवार को नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा उत्साह एवं जन-सहभागिता के साथ किया गया।

यह अभियान 17 सित. से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान स्वच्छता को केवल सफाई तक सीमित न रखकर इसे एक व्यापक जन-आंदोलन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की शुरूआत वार्ड संख्या 47 स्थित कंकाली मंदिर के पास खाली भू-भाग पर स्वच्छ्ता के साथ हुई।

# विद्युत विभाग: अधिशासी अभियंता व जेई के नहीं उठते फोन

**लापरवाही**

अपने ऊर्जा मंत्री और सरकार की साख को खाक में मिलाने का काम कर रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोवर्धन ( मथुरा)/लोकेश चौधरी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिकारियों को सरकारी फोन उठाने के लिए समय-समय पर निर्देश देते हैं, दूसरी ओर ऊर्जा मंत्री लोगों के लिए उचित व सही बिजली आपूर्ति करने का ढिंढोरा पीटते हैं मानो मथुरा जनपद के अधिकारियों ने लोगों को परेशान करने की कसम खा रखी है और अपने ऊर्जा मंत्री और सरकार की साख को खाक में मिलाने का काम कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार उपभोक्ता के बार-बार फोन करने के पश्चात भी सरकारी फोन नहीं उठाया जाता है और ना उनकी समस्या के समाधान के बारे में बताया जाता है। समस्या का समाधान न करने पर अधिकारी व कर्मचारी उतारू हो रहे। ऐसा ही मामला गोवर्धन डिवीजन के विधुत सब स्टेशन अड़ींग अंतर्गत देखने को मिला है। आपको बता दें कि 16 सितंबर को यादव मोहल्ले में समय करीब रात्रि 7:00 बजे एक पोल पर से तार टूट गये थे। जिससे लोगों की बत्ती गुल हो गई इसकी जानकारी उपभोक्ताओं के द्वारा मोबाइल नं 9412381479 से बिजली घर अडीग पर दी गई वहां पर तैनात कर्मचारियों ने कहा कि जेई के सीयूजी नंबर पर इसकी सूचना दें। नोडल अधिकारी संदीप शर्मा चला रहे हैं वही जेई का कार्यभार देख रहे हैं जिस पर उपभोक्ता द्वारा जेई अडीग के नंबर 9193303235 पर बार-बार कॉल करने के पश्चात संदीप शर्मा द्वारा फोन नहीं उठाया गया। ना ही बाद में कोई वापस कॉल की गई उसके पश्चात उपभोक्ता द्वारा समय करीब 7:15 बजे अधिशासी अभियंता गोवर्धन के मोबाइल नंबर 9193303231 पर कई कॉल कि परंतु उन्होंने भी सरकारी नंबर को नहीं उठाया । विद्युत द्वारा कोई अप्रिय घटना होने पर भी ऐसे अधिकारी व कर्मचारी सरकारी फोन नहीं उठाएंगे तो इनको सरकार द्वारा दिए गए सरकारी नंबर से क्या फायदा सरकारी नंबर जनता की परेशानी में अधिकारी से संवाद करने के लिए ही उपलब्ध कराये जाते है।

# हरियाणा पुलिस द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य समाजहित में जन-जागरूकता बढ़ाना, नागरिक सहयोग सुनिश्चित करना और सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है।

**रक्तदान और स्वास्थ्य संबंधी पहल**

प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त कार्यालयों, रेंजो और जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और यातायात नियमों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। इन अभियानों के माध्यम से नागरिकों को आपात स्थिति में तत्काल सहायता देने और सड़क हादसों को कम करने का संदेश दिया जाएगा। वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पुलिस आयुक्त कार्यालयों में हजारों पौधे लगाए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी पुलिस थानों, पुलिस चौकियों और पुलिस लाइनों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। महिला सुरक्षा को लेकर राज्यभर में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इन अभियानों में जागरूकता कार्यक्रम, चचाएं और सुरक्षा उपायों पर मार्गदर्शन शामिल होगा। महिलाओं की सुरक्षा को पुलिस की प्राथमिकता बताते हुए यह पहल समाज में आत्मविश्वास और सुरक्षित माहौल पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए संवाद शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, स्वच्छता और पराली जलाने की लेकर रोकथाम जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाई जाएगी।



**अभियान**

महिला सुरक्षा को लेकर राज्यभर में विशेष अभियान चलाए जाएंगे: हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत

# एआई सर्वर, ड्रोन और फोन में इस्तेमाल होने वाले 2 नैनोमीटर चिप्स डिजाइन होंगे

**सेमीकंडक्टर**

वर्तमान भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग 11.5 लाख करोड़ का है: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलुरूः** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़ी कंपनी, एआरएम के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। मंत्री महोदय ने कहा कि "एआई सर्वर, ड्रोन और मोबाइल फोन में इस्तेमाल होने वाले 2 नैनोमीटर के सबसे उन्नत चिप्स यहीं डिजाइन किए जाएँगे।" उद्घाटन के बाद बोलते हुए, अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआरएम की नई बेंगलुरु इकाई मोबाइल फोन सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए 2 एनएम चिप्स सहित चिप्स डिजाइन करेगी। उन्होंने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। मंत्री ने कहा, "हमारा उद्देश्य सेमीकंडक्टर के साथ-साथ उनके लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों का डिजाइन और निर्माण करना है।" यह एक बहुत लंबी दूरदर्शी प्रक्रिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अगले 20 वर्षों के विजन के साथ, हमारे युवाओं और प्रतिभाशाली इंजीनियरों को दुनिया में सर्वोत्तम अवसर प्राप्त होंगे।"



मंत्री महोदय ने आगे कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में वृद्धि से सेमीकंडक्टर चिप्स की माँग दोगुनी हो रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री महोदय ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में छह गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में यह 11.5 लाख करोड़ का उद्योग है। निर्यात में आठ गुना वृद्धि हुई है। इलेक्ट्रॉनिक्स भारत के लिए प्रमुख निर्यात उत्पाद बन रहे हैं। मोबाइल फोन और लैपटॉप की असेंबली से शुरू हुआ यह सफर अब उनके मॉडल, कंपोनेंट्स और तैयार उत्पादों के उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। हम इस सफर में बहुत व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। सेमीकंडक्टर सेक्टर एक ट्रिलियन डॉलर के उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है और इसमें प्रतिभाओं की आवश्यकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह एक उपयुक्त समय है। इसके लिए 278 संस्थान और विश्वविद्यालय काम कर रहे हैं और उनके छात्र सेमीकंडक्टर चिप्स के डिजाइन और इनोवेशन में लगे हुए हैं। वर्तमान में, 25 संस्थानों के छात्रों द्वारा डिजाइन की गई 28 चिप्स तैयार हो चुकी हैं। हमने भारत के सेमीकंडक्टर मिशन का पहला संस्करण व्यावहारिक रूप से पूरा कर लिया है और अब दूसरे संस्करण की ओर बढ़ रहे हैं। इसमें सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे पहले, दिन में, मंत्री महोदय ने सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों में प्रयुक्त उच्च परिशुद्धता वाले घटकों के निर्माण पर चर्चा की। काबोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड (उवटक) ने सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए उपकरणों के निर्माण में प्रयुक्त कुछ सामग्रियों का प्रदर्शन किया

# घुसपैठियों के भरोसे चुनाव जीतना चाहते हैं राहुल गांधीः अमित शाह

**विकास कार्य**

शाह ने 1600 करोड़ की दिल्ली के लिए योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत दिल्ली के लिए 1600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार के मंत्री और भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को घुसपैठिया बचाओ यात्रा बताया। शाह ने कहा कि राहुल गांधी को भारत के मतदाताओं पर भरोसा नहीं है और वह घुसपैठियों के भरोसे चुनाव जीतना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का पूरा समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। शाह ने कहा मोदी सरकार ने हर समय दिल्ली के कल्याण के लिए काम किया, लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार ने केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं किया। दिल्ली में भाजपा सरकार आने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही हैं। दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लागू करके दिल्ली वालों को बड़ा उपहार दिया। शाह ने कहा कि दिल्ली के कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए दिल्ली सरकार लगातार काम किया जा रहा है और धीरे-धीरे यह पहाड़ हटा रहे हैं। कूड़े से बिजली बनाकर सरकार बिजली की जरूरत पूरा कर रही है और कूडे के पहाड़ को खत्म कर रही है। उन्होंने दिल्लीवालों से जीएसटी सुधारों के बाद दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करने



### मनोहर लाल ने किया भलस्वा लैंडफिल दौरा, सफाईकर्मियों को 5 हजार रुपये और स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया और स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने साइट पर कार्यरत सभी सफाईकर्मियों, एमसीडी के बेलदारों, ठेकेदारों के श्रमिकों, गाड़ियों के चालकों सहित अन्य वर्किंग स्टाफ के कठिन कार्य को देखते हुए प्रति व्यक्ति पांच हजार रुपये दिए जाने की घोषणा की। यह राशि संबंधित विभाग और संस्थाओं के माध्यम से वितरित की जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि इस तरह के कार्य में लगे कर्मचारी प्रतिदिन स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हैं। इसी कारण उनके लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी जल्द आयोजित किए जाएंगे ताकि संभावित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका इलाज सुनिश्चित किया जा सके। मौजूदा योजनाओं की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत पौधारोपण भी किया।

# सीवर में सफाई करने उतरे चार मजदूर बेहोश, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के अशोक विहार थाना क्षेत्र में सीवर सफाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मंगलवार देर रात करीब 11:36 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी मिली कि हरिहर अपार्टमेंट, अशोक विहार फेज-2 के पास सीवर में चार लोग गिर गए हैं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची। चारों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने कासगंज, उप्र निवासी अरविंद (40) को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोनू, नारायण और नरेश को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इनमें सोनू और नारायण भी कासगंज



के रहने वाले है, जबकि नरेश बिहार का निवासी है। तीनों बेहोशी की स्थिति में हैं। घटनास्थल पर पहुंची क्राइम टीम ने निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। वहीं, इस संबंध में पुलिस ने कार्यदायी संस्था ब्रजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर को पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार, इलाके में पिछले कई दिनों से सीवर की सफाई का काम चल रहा था।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेंट्रल विस्टा में 'सुगम्य दिल्ली अभियान' का शुभारंभ किया और सुगम्य रथ को रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मोदी के जन्मदिवस पर विधानसभा परिसर में लगी प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर बुधवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में केंद्रीय राज्य एवं सड़क परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने विशेष प्रदर्शनी सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा-75 वर्ष अनुभूति और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन, विचार और कार्यों को सम्मानित करने का सार्थक प्रयास है। जो हर नागरिक को सेवा, नवीन कार्यों और समर्पण के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री की प्रेरक जीवन यात्रा के साथ उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई



आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया जैसी महत्वपूर्ण पहलों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के बचपन पर आधारित शॉर्ट फिल्म चलो जीतें हैं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, मुख्य सचेतक अभय वर्मा एवं अन्य विधायक उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री के संघर्षों, उपलब्धियों और वैश्विक पहचान को दर्शाती है।
प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व केवल योजनाओं के पैमाने पर ही नहीं, बल्कि उनके नैतिक संकल्प और प्रधान सेवक की भावना पर आधारित है।
न्यू इंडिया का उनका विजन आज हर भारतीय में आत्मविश्वास भर रहा है- एक ऐसा भारत जो अपनी परंपरा पर गर्व करता है और आधुनिकता व प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नामह्व अभियान के अंतर्गत गुरुवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया जाएगा।

## चाकू घोंपकर युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के गोविंदपुरी थाना पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पांच आरोपितों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपितों में चार नाबालिग और एक बालिग शामिल है। पकड़े गए आरोपित की पहचान तुगलकाबाद एक्सटेंशन निवासी सुमित (22) के रूप में हुई है। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार 16 सितंबर की रात करीब 2:08 बजे पीसीआर कॉल के जरिये पुलिस को सूचना मिली कि तुगलकाबाद जंगल क्षेत्र, निर्मल टी-पॉइंट, संजय कॉलोनी के पास एक युवक का शव पड़ा है।

# मोदी के जन्मदिन पर पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए इंडिया गेट के कर्तव्य पथ पर रक्तदान शिविर में रक्तदान और सेवा संकल्प वॉक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन का उत्सव आज दिल्ली में सेवा और कर्तव्य के संदेश के साथ प्रारंभ हुआ है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में दिल्ली सरकार के मंत्रियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल जीवनदान नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का सर्वोच्च प्रतीक है। इस पुण्य कार्य में सहभागी होकर टीम दिल्ली ने एक बार फिर कर्तव्यबोध का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली को हाई-वे, एक्सप्रेसवे, यूईआर और रोड कनेक्टिविटी, मेट्रो कनेक्टिविटी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, यशोभूमि और भारत मंडपम जैसे अनेक भव्य उपहार दिए हैं, जिससे दिल्ली की पहचान एक ग्लोबल सिटी के रूप में और भी सशक्त हुई है।
मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्तव्य पथ पर आयोजित रक्तदान शिविर से 10 प्रमुख ब्लड बैंक से जुड़े और करीब 200 डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। यह आयोजन राष्ट्र सेवा की भावना को और प्रखर बनाता है। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन एक सच्चे कर्मयोगी का जीवन है, जिन्होंने ह्राराष्ट्र प्रथमह्ल की भावना को अपने कार्यों में ढालकर भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। यह आयोजन हम सभी के लिए प्रेरणा है कि हम भी सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण के पथ पर चलें और विकसित भारत के संकल्प को साकार करें।
साथ ही जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रारंभ हो रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर में सहभागिता की।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान किसी को नई जिंदगी देने का सबसे पवित्र कार्य है।



**रक्तदान**

सेवा संकल्प वॉक का आयोजन, दिल्ली की मुख्यमंत्री, मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने किया रक्तदान

## आयुर्वेद दिवस पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की बाइक रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आयुर्वेद दिवस 2025 के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईए आई ए) ने बुधवार को बाइक रैली का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय "जन-जन के लिए आयुर्वेद, धरती के लिए आयुर्वेद" था, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन और पर्यावरणीय संतुलन में आयुर्वेद की भूमिका को रेखांकित किया गया। रैली का शुभारंभ एआईए आई ए के निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पूर्व निदेशक (प्रभारी) प्रो. (डॉ.) मंजुषा राजगोपाल, विभिन्न विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी शोधार्थी तथा संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में, उपराज्यपाल, दिल्ली विनय कुमार सक्सेना ने सतीश गोलछा, आईपीएस, पुलिस आयुक्त, दिल्ली और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, दिल्ली के दोनों पुलिस क्षेत्रों के नेकदिल लोगों को सम्मानित किया और दिल्ली के सभी 15 पुलिस ज़िलों से खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए। साथ ही, पुलिस कर्मियों को मोबाइल फोन बरामद करने के उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित भी किया। अपने मोबाइल फोन के खो जाने या चोरी हो जाने से प्रभावित व्यक्तियों को राहत प्रदान करने की एक बड़ी पहल के



तहत, दिल्ली पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में 6432 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं और 3589 फोन उनके असली मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। आज कुल 1559 मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए। यह दिल्ली पुलिस की न केवल मोबाइल फोन बरामद करने, बल्कि उचित सत्यापन के बाद उन्हें उनके असली मालिकों को लौटाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
इस तरह के प्रयास आम नागरिकों के लिए खुशी की बात है और पुलिस बल में विश्वास बहाल करते हैं क्योंकि मोबाइल फोन का खो जाना न केवल आर्थिक नुकसान है, बल्कि इससे डेटा चोरी और व्यक्तिगत जानकारी के उल्लंघन का भी खतरा होता है।



स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। दिल्ली सचिवालय में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।

## मोदी 2047 के पहले ही भारत को विकसित राष्ट्र बना देंगेः बृजमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर उन्हीं की पीढ़ी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता, सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिक, तकनीकी, औद्योगिक विकास को अलग अलग स्तर पर गति देने के साथ ही सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर देश में गरीबी हटाने के लिए जैसा काम किया, उससे भारत विकास के प्रत्येक आयाम में तेजी से सशक्त हुआ है तथा ऐसा भरोसा जगा है कि देश 2047 के पहले ही विकसित राष्ट्र के पायदान पर पहुंच सकता है।

# छात्र संघ चुनाव के बाद नहीं निकलेंगे विजय जुलूस, लगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव के बाद दिल्ली में जीत का कोई भी जुलूस निकालने पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि हम डूसू चुनाव में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं, लेकिन अगर चुनाव संतोषजनक तरीके से संपन्न नहीं कराए गए, तो हम पदाधिकारियों का काम रोक सकते हैं। डूसू का चुनाव 18 सितंबर को होना है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली यूनिवर्सिटी और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया कि वो डूसू चुनाव के दौरान कोई भी



अप्रिय घटना रोकने के लिए हरसंभव कोशिश करें और इस बात का ख्याल रखें कि चुनाव के दौरान नियमों का पालन हो। इससे पहले 16 सितंबर को भी न्यायालय ने सख्त रवैया अपनाते हुए कहा था कि वे केवल उम्मीद कर सकते हैं कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव के दौरान सभी नियमों का पालन होगा। न्यायालय ने कहा था कि नियमों के पालन की जिम्मेदारी दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली पुलिस और छात्र संगठनों की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और वकील प्रशांत मनचंदा ने कहा था कि प्रशासन लिंगदोह कमेटी और दूसरे नियमों का पालन कराने में नाकाम रही है। उन्होंने कुछ फोटो और वीडियो न्यायालय को दिखाए। तब एनएसयूआई की ओर से पेश वकील ने कहा था कि ये फोटो पिछले साल के हैं। तब न्यायालय ने कहा कि आज की तस्वीर देखिए, कोई आपराधिक ट्रायल नहीं हो रहा है। आखिर याचिकाकर्ता को फोटो लाने के लिए मजबूर क्यों किया जाए। वाहनों पर लगे स्टीकर देखिए।

**कोर्ट का आदेश**

डूसू के चुनाव के बाद दिल्ली में जीत का कोई भी जुलूस निकालने पर रोक लगा दी है

# बीएमडब्ल्यू मामले में कार चालक की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली के धौला कुआं इलाके में हुए बीएमडब्ल्यू कांड में गिरफ्तार कार चालक महिला गगनप्रीत कौर की न्यायिक हिरासत को 27 सितंबर तक बढ़ा दी है।
दरअसल, 14 सितंबर को धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के पास बीएमडब्ल्यू हादसा हुआ था। इसमें वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी 52 वर्षीय नवजोत सिंह की मौत हो गई थी और उनकी पत्नी संदीप कौर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। गगनप्रीत कौर पर आरोप है कि वो कार चला रही थीं। दिल्ली पुलिस ने गगनप्रीत कौर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, लापरवाही से गाड़ी चलाने और सबूत मिटाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की थी।इसके बाद दिल्ली पुलिस ने 15 सितंबर को गगनप्रीत कौर को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे आज तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा था। गगनप्रीत की न्यायिक हिरासत की अवधि बुधवार को खत्म हो रही थी, जिसके बाद आज कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने गगनप्रीत कौर की न्यायिक हिरासत 27 सितंबर तक बढ़ा दी है।

# दिल्ल में बारिश से बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में एक बार फिर मौसम ने अचानक से करवट बदल ली है। बुधवार को दोपहर बाद हुई बारिश में दिल्ली का मौसम बदल गया है। वहीं एनसीआर के कई शहरों में भी बादल छाए हुए हैं। नोएडा के कई इलाकों में बरसात देखी गई। बारिश में दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कुछ इस तरह का नजारा देखने को मिला। सितंबर का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार, पारा 36 के पार
दिल्ली में बीते मंगलवार का दिन सितंबर का सबसे गर्म दिन रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम



के साथ 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 89 से 48 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं, बुधवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई थी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मानसून अब अपने आखिरी पड़ाव पर है, लेकिन अभी पूरी तरह विदाई नहीं ले रहा। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 10 दिनों से दिल्ली में बारिश का नामोनिशान नहीं है, अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसे ही रह सकता है। सामान्य तौर पर दिल्ली से मानसून सितंबर के अंत तक विदा ले लेता है, लेकिन इस बार हल्की-फुल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी सिस्टम की वजह से 17-18 सितंबर को हल्की बारिश हो सकती है।

**कूल-कूल**

मानसून सितंबर के अंत तक विदा ले लेता है, इस बार हल्की-फुल्की बारिश की संभावना बनी हुई है

# सेवा सप्ताह पर जारी किए दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले विशेष कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अवसर पर केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय ने दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले तीन विशेष कार्यक्रमों की शुरूआत की। बुधवार को नेशनल मीडिया सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में तीन डटक्यूमेंट्री जारी किए गए। इस मौके पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 1947 के बाद पहली बार देश में ऐसा नेतृत्व है, जिसने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि आज दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले इन तीन कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के सेवा की भावना, कर्मयोगी भावना को देखा जा सकता है। इनमें देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने किस तरह अपने जीवन में स्व को भुला कर समाज के लिए, देश के लिए, राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लिया। पिछले 11 सालों में जो परिवर्तन आया है, उसे लोगों ने महसूस किया है। सूदूर गांव में हर व्यक्ति के मन में यही बात है कि जो पचास साल में नहीं हुआ वो इन 11 सालों में हुआ है। विश्वभर में चाहे तकनीकी, खेल, सामाजिक न्याय की बात करें, हर क्षेत्र में भारत को नई पहचान मिली है। उन्होंने सभी से देश सेवा के लिए भागीदार बनने का आह्वान किया।

# सेवा पखवाड़ा में सभी शहरवासी दें भागीदारी, शहर को बनाएं स्वच्छ व सुंदरः जगमोहन आनंद

बैठक

सेवा पखवाड़ा समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धताः रेनू बाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम करनाल की ओर से बुधवार को सेवा पखवाड़ा का आगाज करते हुए शहर के सेक्टर-12 मार्केट क्षेत्र में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत महा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, विशिष्ट अतिथि एवं महापौर रेनू बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, निगम पार्षदों, नगर निगम तथा विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, निवासी कल्याण संघ, नेहरू युवा केन्द्र की माई भारत टीम, विभिन्न विद्यालयों से आए एन.सी.सी. व एन.एस.एस. वॉलंटियर्स, युवाओं, गणमान्य व्यक्तियों तथा करीब 700 सफाई मित्रों ने महा स्वच्छता अभियान में श्रमदान करते हुए आस-पास के खाली प्लॉट, पार्क व मुख्य सडक पर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

श्रमदान के पश्चात पौधारोपण कार्यक्रम के तहत सेक्टर-12 के फव्वार पार्क में विधायक जगमोहन आनंद ने आम वृक्ष का पौधा रोपित किया। महापौर रेनू बाला गुप्ता तथा निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कलैंडरा का एक-एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रेम नगर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थियों ने गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने को लेकर नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह को जागरूक किया। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता के प्रति जागरूक करती हुई एक विशाल पेंटिंग भी बनाई गई थी। माय एफ.एम. की आर.जे. दिव्या ने कुशल मंच संचालन किया।

विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल विधानसभा के प्रत्येक नागरिक की ओर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने देश का स्वच्छ बनाने जिम्मा उठाया था, वह आज सफल हो रहा है और भारत की तस्वीर बदल रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा की भी शुरुआत की गई है, जो आगामी 2 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते कहा कि सभी नागरिक स्वच्छता मुहिम से जुड़े और अभियान में अपनी भागीदारी दें।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश ने नए आयाम हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में करनाल शहर को तीसरा स्थान मिला है। अब हमें पहला स्थान हासिल करना है, इसके लिए सभी शहरवासियों की भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि आमजन की भागीदारी से ही इस तरह के अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिक गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करें तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करें। इस तरह के प्रयासों से ही हम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बना सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने शहर में नगर निगम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की सराहना भी की। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

# स्वदेशी जागरण मंच ने शहर में किया स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन

नारेबाजी

जिसका शुभारंभ परशुराम चौक से हुआ, यात्रा बाजार से होती हुई सफल पैलेस तक पहुंची



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ परशुराम चौक से हुआ और यात्रा मुख्य बाजार से होती हुई सफल पैलेस तक पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े सदस्यों, गणमान्य लोगों व स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान स्वदेशी अपनाओ- विदेशी भगाओ, जब बाजार जाएंगे-सामान स्वदेशी लाएंगे, भारत को समृद्ध बनाना है-स्वदेशी को अपनाना है इत्यादि नारे लगाकर लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक किया गया। वहीं दुकानों व बाजार में मौजूद लोगों को स्वदेशी वस्तुओं की सूची भी वितरित की गई। यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल राणा ने किया। जबकि अध्यक्षता जिला संयोजक प्रदीप चौधरी व जिला प्रचार प्रमुख रविंद्र सैनी ने की। इस अवसर पर जिला संयोजक प्रदीप चौधरी ने बताया कि पूरे जिले में स्वदेशी संकल्प यात्रा चलाकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दिवाली पर देश के बाजारों में खरीद करने वाले ग्राहकों की संख्या काफी अधिक होती है। ऐसे में यह दिवाली अपने देश के व्यापारियों व दुकानदारों को मजबूत करने के साथ साथ देश को विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम हो ऐसा प्रयास स्वदेशी जागरण मंच की ओर से किया जा रहा है। जिसमें लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य धनपत सैनी, डा. बलदेव सैनी, विनोद सिंगला, जसविंद्र ग्रेवाल, वेद कांबोज, अमित कांबोज, जसपाल पोटली, मंगतराम बठला, विरेंद्र सैनी, नंदलाल जोगी, बिंदर सैनी, राजीव आर्य, रणजीत सिंह, बलराम सांगीपुर, नरेंद्र फतेहगढ़, अमित चौहान, भगवत दयाल, सुदेश सैनी, विक्रम फतेहगढ़, लाभ सिंह व गुलाब सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# महिलाओं और बच्चों में कुपोषण के स्तर को कम करने के लिए हुआ पोषण माह का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : आठवें अंतर्राष्ट्रीय पोषण माह पर महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा की देखरेख में पोषण माह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ कुसुम लता ने की। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ताकि महिलाओं और बच्चों में कुपोषण के स्तर को कम किया सके। उन्होंने कहा कि पोषण माह कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तर पर पोषण एंथम, पोषण शपथ का आयोजन होगा। ताकि अति कुपोषित बच्चों का चयन कर उन्हें सामान्य श्रेणी में लाया जा सके। सीडीपीओ कुसुम लता ने कहा कि पोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी, इसमें जल संरक्षण, माँ की रसोई, विस्थापितों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर, नवजात बच्चों व दूध पिलाने वाली माताओं को पोषण स्तर बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही खंड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भाग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब बात पोषण की आती है तो महिलाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इसलिए इस दिशा में महिलाओं का सजग होना जरूरी है। मौके पर सुपरवाइजर वंदना कांबोज, मीना कांबोज, ललतेश कांबोज, नीता, रीतु शर्मा, बिमलेश, शिवानी कांबोज, पार्षद मोनू सिंह, श्रीकांत, रेनू, सुनीता, इशरो देवी, ललतेश, संतोष व अन्य उपस्थित रही।

# एनडीपीएस एक्ट के तीन मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए असंध की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग मामलों में रजवाहा पुलिया फुरलक रोड घरौंडा से आरोपी कुलविंदर पुत्र कुलदीप निवासी अराईपुरा को 10.74 ग्राम हेरोइन व विकाश पुत्र युद्धवीर निवासी गांव गगसीना, करनाल को 20 ग्राम अफीम सहित काबू किया। एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य मामले में सीआईए-1 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा चिड़ाव मोड़ करनाल से आरोपी अजय कुमार पुत्र बुलू निवासी मटोर कैथल को 35 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया। तीनों मामलों में आज सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

# नारी निकेतन में हुआ योगा सेशन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नारी निकेतन में रह रही महिलाओं के लिए योगा सेशन का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि अभियान नई दिशा नई उड़ान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नारी निकेतन में 15 से 17 सितंबर तक जागरूकता शिविर व योगा सेशन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर डा. नीना द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सीजेएम ने बताया कि 18 से 20 सितंबर तक झुग्गी झोपड़ी इलाका के बच्चों के लिए और 22 से 24 सितंबर तक प्लेस ऑफ सेफ्टी के ज्यूविनायलों के लिए पैरा लीगल वालंटियर डॉ. नीना द्वारा जागरूकता शिविर व योगा सेशन का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

# पुलिस ने किया ओमप्रकाश की हत्या का खुलासा, पुत्रवधू ने प्रेमी संग मिल की थी हत्या



**रादौर, 17 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : जठलाना रोड पर 12 सितंबर को खाली प्लॉटों में हुई 65 वर्षीय ओमप्रकाश की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में जो सच सामने आया उसने सभी को चौंका दिया। दरअसल मृतक की बहू ललिता ने ही अपने प्रेमी करतार के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची थी।

इस बारे पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश को दोनों के नाजायज रिश्ते की भनक लग चुकी थी। यही डर ललिता और उसके प्रेमी को सता रहा था। और इसी डर को मिटाने के लिए दोनों ने मिलकर खौफनाक प्लान तैयार किया और गला रेतकर हत्या कर दी। डीएसपी रजत गुलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में सीआईए वन की टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए आरोपी ललिता व उसके रादौर की दीपक कालोनी निवासी प्रेमी करतार को गिरफ्तार कर लिया गया है और रिमांड पर लिया गया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि हत्या की साजिश और घटनाक्रम से जुड़े सभी राज खोले जा सकें। यह मामला रिश्तों को कलंकित करने वाला है, जहां एक पुत्रवधू ने अपने ही ससुर की जान ले ली। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

बता दे कि 12 सितंबर की सुबह गांव घेसपुर में जठलाना रोड के समीप खाली पड़े प्लाटो में 65 वर्षीय ओमप्रकाश का शव बरामद हुआ था। ओमप्रकाश की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। वह अपनी भेड़ों की रखवाली के लिए वहां सोया हुआ था।

# श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का हुआ आयोजन

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** श्रम विभाग द्वारा जिले में साईं बाबा मंदिर चौक, सेक्टर-6, नूरमहल चौक, हांसी चौक, पुरानी सब्जी मंडी चौक, मीरा घाटी चौक, जींद रोड चौक (असंध), बस स्टैण्ड (इन्द्री), किसान बस्ती चौक, नीलोखेड़ी, करनाली गेट, तरावडी, अराईपुरा चौक घरौंडा में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न चौकों पर उपस्थित श्रमिकों को विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।
इस दौरान विभिन्न चौकों पर उपस्थित मुख्य अतिथि संकल्प भण्डारी, सुजाता अरोड़ा, अमृत लाल, मोनिक गर्ग, जोगिन्द्र शर्मा इत्यादी ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी श्रमिकों को लड्डू वितरित किए गए।
श्रम विभाग के जिला नोडल अधिकारी कर्मवीर यादव, सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि श्रमिक श्रम विभाग की इन सुविधाओं का लाभ लेने हेतु नजदीकी सीएससी सेंटर पर या श्रम विभाग के बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के कार्यालय लघु सचिवालय, पार्ट-2, प्रथम तल, सैक्टर-12, करनाल में संबंधित अधिकारी रजनी पसरीचा से सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर हुआ नशा मुक्ति शिविर, 170 लोगों को दी गई दवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत हेमंत सेवा समिति व आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन द्वारा बुधवार को शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला रादौर में निशुल्क नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 170 लोगों को नशा छोड़ने के लिए आयुर्वेदिक दवा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल सैनी ने शिविर में पहुंचे लोगों को नशा न करने और समाज में दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई। शिविर के दौरान नशे की होली भी प्रतीकात्मक रूप से जलाई गई। डॉ. सैनी ने बताया कि हेमंत सेवा समिति अब तक हजारों लोगों को नशे की दलदल से बाहर निकालकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ चुकी है। संस्था द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. दशराज काम्बोज, जरनैल कालिया, कुलदीप रामपुर, यशपाल काम्बोज, संजीव कश्यप, मायाराम टोपरा, गोपाल फतेहगढ़, मोहन प्रजापत, महेंद्र सिंह, भूपिंदर सिंह राणा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही हो सकती हैः जगमोहन आनंद

रक्तदान शिविर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** आज जेसीआई करनाल द्वारा जेसीआई सप्ताह कार्यक्रम में आज कर्णेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-7 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जेसीआई करनाल के प्रधान जेसी रोबिन गर्ग ने बताया कि आज हम सब सदस्यों ने कर्णेश्वर महादेव मंदिर में ब्लड कैंप आयोजित किया। शिविर में 90 यूनिट रक्तदाता दान देने आए, जिसमें से 75 रक्तदाताओं ने रक्त दिया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगमोहन आनंद एवं महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उषा रानी गोयल रहे। मुख्य अतिथि जगमोहन आनंद ने बताया कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही हो सकती है। आप द्वारा किया गया रक्तदान किसी के जीवन को बचा सकता है। रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि ऐसे अनेक व्यक्ति हैं, जो अपने जीवन में 50 से 100 बार तक रक्तदान कर चुके हैं। आज के शिविर की खास बात ये रही कि सभी सदस्यों के साथ जेसी सदस्यों की महिलाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को बाद में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। संस्था के सदस्य जेसी रोहित ने 30वीं बार रक्तदान किया। विधायक जगमोहन एवं मेयर रेनू बाला ने जेसीआई के सदस्यों के साथ मिलकर नरेंद्र मोदी का जन्मदिन का केक भी काटा। इस मौके पर जेसी अनुज बंसल, समीर जिंदल, विशाल जिंदल, विकास बजाज, रजनीश गर्ग बॉबी गोयल, अमित गुप्ता, संकल्प भंडारी, विपिन गोयल, गौरव गोयल, विकास गुप्ता, सुमित अरोड़ा, टोनी गर्ग, गौरव गुप्ता, मनीष बंसल, कमल गुप्ता, विजय सिंगला, शिवम अग्रवाल, अमनदीप चौधरी, हैप्पी लाठर, दिनेश चोपड़ा, चेयरपर्सन सिंपल गर्ग, आशा गोयल, मेघा भंडारी, मीनू चोपड़ा, मीणा चौहान, निधि जिंदल, रोजी बंसल, मिनाक्षी गोयल, निधि गर्ग, स्वाति गर्ग आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार के सौजन्य से बुधवार को जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बंदियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।
कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ.इरम हसन ने पौधारोपण कर की। इसके बाद डॉ. इरम हसन ने जिला कारागार में स्थापित अस्पताल में बंदियों के लिए दांतों की जांच शिविर व एचआईवी टेस्ट शिविर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे कॉस्मेटिक व ड्रेसिंग कोर्स के लिए उपस्थित बंदियों से बातचीत की और कोर्स के दौरान प्रदान की जा रही जानकारी को उज्जवल भविष्य हेतु प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने बंदियों को प्रदान की जा रही सेवाओं बारे जानकारी हासिल की और आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस मौके पर डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेन्द्र कुमार, धर्मचन्द व नीलम भी उपस्थित रहे।
जेल लोक अदालत में हुआ 7 मुकदमों का निपटारा
जिला कारागार में बुधवार को आयोजित जेल लोक अदालत में सीजेएम डॉ.इरम हसन के सामने 8 मुकदमे रखे गए, जिनमें से 7 मुकदमों का निपटारा किया गया और 7 बंदियों को निर्धारित शर्तों पर छोड़ा गया।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस की सीआईए 1 की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक मदन सिंह की अध्यक्षता में लालूपुरा टी-प्वाइंट मेरठ रोड करनाल में आरोपी मोनिश पुत्र रामेहर सिंह निवासी सूरज नगर करनाल से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 32 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में खुलासा आरोपी इस अवैध हथियार को उत्तर प्रदेश से खरीद कर लिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को इस मामले में आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत किया रक्त दान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 17 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्थानीय सफल पैलेस में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि भाजपा नेता नेपाल राणा वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 60 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। जबकि 90 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर के संयोजक सचिन गुप्ता व अमित गर्ग रहे।

श्यामसिंह राणा ने कहा कि रक्तदान पुण्य कार्य है। इससे न केवल हम किसी को जिंदगी को बचा सकते है बल्कि इससे समाज के लोगों में एकता व समानता की भावना का भी संचार होता है। हमें समय समय पर रक्तदान जैसे कार्य कर समाज में सेवा की भावना का संचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा राजनीति को समाज सेवा का माध्यम माना है। इसलिए उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा चलाने की मुहिम शुरू की। जिसके तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा दो अक्तूबर को महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक मनाया जाता है। मौके पर भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा, चेयरमैन रजनीश मेहता, अमित गर्ग, इत्यादि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम और देशहित की दिशा

**भारत की** न्यायपालिका का एक गौरवशाली इतिहास रहा है कि उसने हमेशा संविधान को सर्वोच्च मानते हुए निर्णय दिए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर जो अंतरिम फैसला सुनाया, उसने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि किसी भी धार्मिक संस्था को संविधान और कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। यह फैसला भले अभी अंतिम न हो, लेकिन इसमें दी गईं टिप्पणियाँ और निर्देश वक्फ बोर्ड की दशकों से चली आ रही मनमानी पर अंकुश लगाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, आगे के लिए अब ये तय है।

**वक्फ संपत्तियों की विशालता और विवाद**

भारत में वक्फ संपत्तियों का दायरा किसी भी निजी या सरकारी संस्थान से बड़ा है। वक्फ बोर्ड के पास देशभर में लगभग 8 लाख से अधिक पंजीकृत संपत्तियाँ और 5 लाख एकड़ से अधिक जमीन है। यह क्षेत्रफल गोवा या सिक्किम जैसे छोटे राज्यों के आकार से भी बड़ा है। इतनी विशाल संपत्ति का प्रबंधन यदि पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से होता, तो इससे मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में क्रांति आ सकती थी। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। अब तक अलग अलग कई रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें यह माना गया है कि वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ या तो अतिक्रमित हैं या उनका इस्तेमाल उद्देश्य के विपरीत हो रहा है। 2009 में कर्नाटक वक्फ बोर्ड घोटाला सामने आया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियाँ औने-पौने दाम पर बेच दी गई थीं। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में भी वक्फ बोर्डों पर जमीनों को अवैध रूप से किराये पर देने और निजी लाभ कमाने के आरोप बार-बार उठते रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि वक्फ संपत्तियाँ केवल धार्मिक-सामाजिक सेवा का माध्यम न रहकर विवाद, भ्रष्टाचार और राजनीति का अड्डा बन चुकी थीं।

**संसद की चिंता और संशोधन की आवश्यकता**

संसद में जब वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पेश हुआ, तो सत्तापक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्डों की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करना जरूरी है। कई सांसदों ने उदाहरण देकर बताया कि कैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन और स्कूलों की जमीनों को वक्फ घोषित कर दिया गया। एक सांसद ने सदन में यहां तक कह दिया था, "यह कैसी व्यवस्था है कि कोई भी बोर्ड यह तय कर दे कि यह जमीन वक्फ की है और असली मालिक को सालों तक अदालतों के चक्कर काटने पड़ें?" विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वक्फ संपत्तियों का सही सर्वेक्षण हो, उनका मालिकाना हक स्पष्ट हो और बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी जमीन पर दावा न कर सके। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि संसद द्वारा पारित कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है।

# भारत के आत्मविश्वास को पुनर्जीवित करने वाले जननायक मोदी

विष्णु दत्त शर्मा

> लोकनायक मोदी जी ने सामाजिक सुधारों में भी कई साहसिक कदम उठाए। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की कुप्रथा से मुक्ति मिली। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती दी गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करता है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना लोकतंत्र में समावेशिता का उदाहरण बना। सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में काशी, केदारनाथ और अयोध्या का कायाकल्प, स्वच्छ भारत मिशन और योग दिवस जैसी पहलें भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर पुनर्स्थापित कर रही

**मनुष्य** को अपने मन से अपना उद्धार करना चाहिए, अपने आप को कभी नीचा नहीं गिराना चाहिए, क्योंकि वह स्वयं ही अपना मित्र और स्वयं ही अपना शत्रु है। गीता का यह उपदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन की सच्ची व्याख्या करता है। उनका जीवन संघर्ष, साधना और राष्ट्रसेवा की प्रेरणादायक गाथा है। 17 सितंबर 1950 को गुजरात के छोटे से नगर वडनगर में जन्मे नरेंद्र दामोदरदास मोदी का बचपन संघर्ष और साधना से भरा था। पिता की चाय की दुकान में हाथ बँटाने वाले छोटे नरेंद्र ने कठिनाइयों को अवसर में बदलना सीखा। उनकी माँ हीराबेन मोदी का त्याग, सादगी और संस्कार उनके जीवन की अमूल्य धरोहर बने। माँ ने ही सिखाया कि ईमानदारी, श्रम और राष्ट्रभक्ति ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। यही शिक्षा आगे चलकर मोदी जी के व्यक्तित्व की रीढ़ बनी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान जब सैनिक ट्रेन से गुजरते थे, तो बालक नरेंद्र उन्हें चाय पिलाते और मन ही मन यह संकल्प लेते कि बड़े होकर देश की सेवा करेंगे। बाल्यावस्था में ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए और राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया। आपातकाल के दौरान उन्होंने तानाशाही सरकार के खिलाफ पत्रक बाँटे, कार्यकताओं को संगठित किया और बुलंद आवाज उठाई। यह उनका पहला बड़ा राष्ट्रीय संघर्ष था, जिसने उनके व्यक्तित्व को और अधिक दृढ़ बनाया। गरीबी और कठिनाइयों से भरे बचपन ने उन्हें जीवन के कठोर पाठ सिखाए। लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी। संघ में बाल स्वयंसेवक से लेकर सक्रिय कार्यकर्ता तक का सफर उनके समर्पण का प्रमाण है। इन्हीं संघर्षों और साधना ने नरेंद्र मोदी को आज लोकनायक बनाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी जी ने देश में विकास का एक नया मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। 2014 में वे भारत के प्रधानमंत्री बने और उसके बाद 2019 तथा 2024 में लगातार प्रचंड जनसमर्थन प्राप्त कर तीसरी बार देश की बागडोर संभाली। लोकतंत्र में यह जनता के विश्वास और नेतृत्व की स्वीकृति का स्पष्ट प्रमाण है। लोकतंत्र में जनादेश केवल मतदान की



औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता का विश्वासपत्र होता है। मोदी जी को लगातार तीन बार यह विश्वासपत्र मिला है। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने गरीबों और वंचितों को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएँ लागू कीं। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी पहलें करोड़ों लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने में मील का पत्थर हैं। तकनीक आधारित पारदर्शिता से सरकारी सहायता अब सीधे लाभार्थियों तक पहुँच रही है। गांव-गांव का आत्मविश्वास बढ़ा है और आमजन पहली बार व्यवस्था के केंद्र में महसूस कर रहा है। गरीबों के जीवन में आए इस बदलाव का असर हर जगह देखा जा सकता है। यह सब मोदी जी की कार्यकुशलता और दूरदर्शिता का प्रमाण तो है ही, ये कार्य उन्हें देश के गरीबों का मसीहा बनाते हैं।उल्लेखनीय है कि मोदी जी के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा को कौशल आधारित, आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा दी है। देश में मेडिकल कॉलेजों, आईआईटी, आईआईएम और विश्वविद्यालयों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और ब्रेन-ड्रेन की प्रवृत्ति कम हुई है।

लोकनायक मोदी जी ने सामाजिक सुधारों में भी कई साहसिक कदम उठाए। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की कुप्रथा से मुक्ति मिली। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती दी गई। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करता है। द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना लोकतंत्र में समावेशिता का उदाहरण बना। सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में काशी, केदारनाथ और अयोध्या का कायाकल्प, स्वच्छ भारत मिशन और योग दिवस जैसी पहलें भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर पुनर्स्थापित कर रही हैं। योग दिवस ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मान्यता दिलाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मोदी युग भारत की नई पहचान का प्रतीक है। कोविड काल में वैक्सीन मैत्री के तहत भारत ने न केवल अपने नागरिकों की रक्षा की, बल्कि अनेक देशों को जीवनरक्षक वैक्सीन पहुँचाकर वैश्विक मानवीय नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। एयर स्ट्राइक, अभिनंदन की सुरक्षित वापसी, धारा 370 का साहसिक निर्णय, डोकलाम सीमा पर दृढ़ रुख और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता आदि इन घटनाओं ने दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अब किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटेगा। इससे भारतीय सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल और भी ऊँचा हुआ तथा जनता का विश्वास और गहरा हुआ। मोदी जी के नेतृत्व में विदेश नीति में भारत अब दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति के रूप में उभरा है। "लुक ईस्ट" से "एक्ट ईस्ट" की ओर बढ़ते हुए भारत ने एशिया-प्रशांत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टैरिफ विवादों और वैश्विक व्यापार मंचों पर भारत ने अपने किसानों और उद्योगों के हितों की रक्षा करते हुए आत्मविश्वासी छवि प्रस्तुत की है।

हाल ही में आर्थिक सुधारों में जीएसटीसुधार भी सबसे बड़ा कदम रहा। "वन नेशन, वन टैक्स" ने कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया है। साथ ही स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया ने उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित किया।

मोदी जी का सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का रहा। लंबे समय तक आयात पर निर्भर रहने वाले भारत ने आज तेजस लड़ाकू विमान, आकाश मिसाइल, ब्रह्मोस, अग्नि श्रृंखला और स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत जैसे आयुधों का निर्माण किया है। मेक इन इंडिया डिफेंस पहल से न केवल आत्मनिर्भरता बढ़ी है, बल्कि सेना का आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ है। यह मोदी सरकार की स्पष्ट प्राथमिकता है कि भारत केवल खरीदार नहीं, बल्कि रक्षा तकनीक का निमार्ता और निर्यातक भी बने। इसके साथ ही स्वदेशी का आग्रह मोदी युग की आत्मा है। "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" केवल नारे नहीं, बल्कि जनांदोलन बने। मोबाइल निर्माण से लेकर अंतरिक्ष तक भारत ने स्वदेशी तकनीक से अपनी पहचान बनाई। छोटे कुटीर उद्योगों से लेकर बड़े स्टार्टअप तक आज आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार कर रहे हैं। लोकतंत्र में लगातार तीन बार जनादेश पाना साधारण उपलब्धि नहीं है। यह दर्शाता है कि जनता प्रधानमंत्री की नीयत और नीति दोनों पर भरोसा करती है। आज भारत को विश्व में बैलेंसिंग पावर नहीं, बल्कि जिम्मेदार और निर्णायक शक्ति के रूप में देखा जाता है। विश्वकर्मा जयंती के दिन जन्मे नरेंद्र मोदी वास्तव में नए भारत के विश्वकर्मा हैं। माँ के संस्कार, बचपन का संघर्ष, संघ का अनुशासन, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में प्रशासनिक साधना-इन सबने उन्हें राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का शिल्पी बना दिया है। उन्होंने लोकशक्ति को आत्मविश्वास का नया शिखर दिया है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# अत्यधिक टाइट जींस पहनने वाली महिलाएं हो सकती हैं मेराल्जिया पैरास्थेटिका की शिकार

**स्नेहा सिंह**

**पतली** दिखने की चाहत में महिलाएं स्किन टाइट जींस पहन कर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। लंबे समय से चल रही त्वचा से चिपक जाए इतनी टाइट जींस पहनने के फैशन के खिलाफ हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय वेबसाइट ने लाल बत्ती दिखाते हुए कहा है कि अगर आप अपने स्वास्थ्य के बदले फैशन करना चाहती हैं तो भले कीजिए। लेकिन इस प्रकार की जींस पहनने के बाद अगर आपको संवेदना का अनुभव न हो तो समझ लीजिए कि आपके शरीर को पर्याप्त रक्त नहीं मिल रहा है। अमेरिका के ग्रेटर बाल्टिमोर मेडिकल सेंटर के डा. कैरन बॉयल ने कहा है कि अत्यधिक टाइट जींस नर्व डिसऑर्डर (नस के कार्य में गड़बड़ी होना) पैदा करती है, जिसे मेराल्जिया पैरास्थेटिका के रूप में जाना जाता है। वेबसाइट में उन्होंने बताया है कि जब नितंब के बाहरी हिस्से की कोई नस दब जाती है, तब यह गड़बड़ी पैदा होती है। मेडिकल पेपर्स में भी इस नर्व डिसऑर्डर का उल्लेख किया गया है। साल 2003 में मालविंदर परमार ने कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल में मेराल्जिया पैरास्थेटिका के तीन केस का उल्लेख करते हुए बताया है कि ये तीनों स्थूलकाय महिला मरीज पिछले छह से आठ महीनों से अत्यंत टाइट और लो-राइज ट्राउजर पहन रही थीं। न्यूरोसर्जन कहते हैं कि मेराल्जिया पेरेस्थेटिका में कमर के आसपास और नितंब के बगल के भाग की त्वचा को रक्त पहुंचाने वाली लेटरल क्यूटेनस नर्व (सेंसरी) को नुकसान पहुंचता है। जब किसी का वजन बढ़ जाता है या कोई एकदम टाइट बेल्ट पहनता है, तब यह नस दब जाती है। इस दबाव के कारण नस का काम बदल जाता है, जिसकी वजह से हल्का स्पर्श भी उस व्यक्ति को बहुत कष्टदायक लगता है। चिकित्सक कहते हैं कि स्किन टाइट जींस पहनने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। टाइट फिट जींस यदि नितंब के पास से ज्यादा टाइट हो तो यह स्थिति पैदा होती है। हालांकि इसका इलाज संभव है, लेकिन वह आसान नहीं है। सबसे पहले तो चिकित्सक नितंब के पास से अत्यधिक टाइट जींस या टाइट बेल्ट न पहनने की सलाह देते हैं। फिर भी यदि कोई मेराल्जिया पेरेस्थेटिका का शिकार हो गया हो तो उसकी दब गई नस को खोला जाता है या उसे पूरी तरह से काट दिया जाता है।

विशेषज्ञ कहते हैं कि यह नस अत्यंत नाजुक होने से स्थूलकाय लोगों में यह नस दब जाने का भय अधिक होता है। जरूरी नहीं कि केवल अत्यधिक टाइट ट्राउजर पहनने वाला व्यक्ति ही मेराल्जिया पेरेस्थेटिका का शिकार बने। फिर भी सावधान रहना उचित है। इस व्याधि का शिकार होने वाले मरीज की संवेदना पर असर पहुंचता है। डायबिटीज के मरीज को यह जल्दी लग जाती है।

## विचार

# राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां

**संजीव**

**आज** पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं' परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे' इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें है' इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरूआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है।

रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# वक्फ एक्ट पर शीर्ष अदालत का संतुलित इंसाफ

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**देश** की सबसे बड़ी अदालत ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जो फैसला सुनाया है, वह भारतीय लोकतंत्र और संविधान की मूल आत्मा के संरक्षण देने वाला है क्योंकि अदालत ने न तो पूरे कानून को असंवैधानिक करार दिया और न ही इसे पूरी तरह से रोक लगाया है। है। इसके बजाय उसने उसने कुछ विवादास्पद प्रावधानों पर रोक लगाकर संतुलन साधने की कोशिश की है। यह निर्णय बताता है कि भारत का न्यायपालिका तंत्र राजनीतिक टकरावों से ऊपर उठकर न्याय, समानता और भाईचारा के संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने की क्षमता रखता है। इस फैसले को लेकर मुसलिम जनप्रतिनिधियों में उहांपोह की स्थिति बनी है शुरू में फैसले को सकून भरा बताया लेकिन 128 पेज के इस आदेश का पूरा अध्ययन करने के बाद इसकी आलोचना करना शुरू कर दिया। इस से लगता है कि इस फैसले से भी मुस्लिम समाज की असहमति कम होने वाला नहीं है।

आपको बता दें कि शीर्ष अदालत ने पांच अहम प्रावधानों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया है, इनसे यह संदेश गया कि न्यायपालिका कानून के संवैधानिक अधिकार को नकारते हुए पूरे अधिनियम को निलंबित नहीं कर सकती, लेकिन विवादास्पद हिस्सों पर पारदर्शिता और संतुलन सुनिश्चित करना आवश्यक है। भारत में वक्फ संपत्तियां न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला इस विषय पर एक नया अध्याय खोलता है। दरअसल वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी नाराजगी है। सरकार ने 2025 संसद में अप्रैल के बजट सत्र के दौरान इसको पारित हुआ था। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में इसे बहुमत से मंजूरी मिली और तत्पश्चात राष्ट्रपति ने भी इसे स्वीकृति प्रदान की। लेकिन कानून के कई प्रावधानों को लेकर मुस्लिम समुदाय, विपक्षी दलों और नागरिक समाज के कुछ वर्गों में असंतोष था। उनका तर्क था कि यह कानून धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

# वो गाली ही क्या जो दिल तक न पहुंचे

**डॉ. सुरेश कुमार**

गाली भारतीय जीवन की सार्वभौमिक भाषा है। यह वही भाषा है जो संसद से लेकर सब्जी मंडी तक समान अधिकार से बोली जाती है। मजा यह कि इसमें किसी अनुवादक की जरूरत नहीं पड़ती। चाहे आप बिहारी हों या पंजाबी, तमिल हों या मराठी—गाली का अर्थ सब समझते हैं। यह इतनी लोकतांत्रिक है कि बच्चे खेलते-खेलते सीख जाते हैं, और बुजुर्ग मरणासन्न होते हुए भी अंतिम सांस तक गाली निकाल सकते हैं। गाली न जाति देखती है, न धर्म, न भाषा—यह समता का सच्चा सिद्धांत है। हमारे संविधान निर्माताओं ने अगर सचमुच समानता का आधार ढूँढ़ा होता तो संविधान की पहली पंक्ति होती—भारत गाली प्रधान गणराज्य है। गाली वह पुल है जो अमीर-गरीब, पढ़े-लिखे और अनपढ़, शहर और गाँव, नेता और जनता—सबको जोड़ता है। गाली का समाजशास्त्र देखिए—जहाँ तर्क समाप्त हो जाता है, वहाँ से गाली शुरू होती है। बहस में कोई ठोस दलील न मिले, तो आदमी गाली फेंक देता है। यह भाषा का ब्रह्मास्त्र है। गाली उस अनपढ़ के हाथ की बंदूक है जिसके पास शब्द कोष नहीं है और उस पढ़े-लिखे की ढाल है जिसे अपनी विद्वत्ता बचानी है। दिलचस्प यह है कि गाली केवल क्रोध से नहीं निकलती, प्रेम से भी निकल सकती है। कोई दोस्त मिलते ही कहता है—अबे गधे! और दूसरा हँसते-हँसते गले लग जाता है। सोचिए, गाली इतनी लचीली है कि झगड़े में भी चलाई जा सकती है और दुलार में भी। यही उसकी महानता है। समाज में इसे गाली कहकर नीचा दिखाया जाता है, लेकिन असल में यह भाषा की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। गाली का सबसे बड़ा मंच राजनीति है। नेता जब मंच पर खड़े होते हैं तो शेर-ओ-शायरी से जनता नहीं जागती। लेकिन जैसे ही गाली की बौछार होती है, भीड़ में बिजली दौड़ जाती है। गाली सुनकर जनता ऐसा पुरजोर ताली बजाती है मानो कोई पाँच सौ का नोट हवा में लहराया गया हो। और मजेदार यह कि गाली जितनी असभ्य होती है, उसका स्वागत उतना ही सभ्य तरीके से होता है—लोग तालियाँ, सीटियाँ, जयकारा करते हैं। राजनीति में गाली एक रणनीति है।

## न्यूज फ्लैश

### अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में न्याय दिलाने और आमजन के अधिकारों की रक्षा करने में सबसे अहमः नवनीत कौर



**गन्नौर।** गन्नौर बार एसोसिएशन का स्थापना दिवस बार परिसर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवनीत कौर उपस्थित रहीं। उनके साथ एडीजे नरेंद्र शर्मा, सीजेएम (डीएलएसए) पृच्छता सिंह, एसीजे एसडी विक्रांत, सीनियर डिवीजनल जज मानसी गौड़ तथा एस.डी.एम. प्रवेश कादियान भी शामिल हुए। सभी अतिथियों का बार एसोसिएशन गन्नौर के प्रधान गौरव त्यागी, सचिव विवेक त्यागी और उपाध्यक्ष विशाल चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवनीत कौर ने कहा कि बार एसोसिएशन न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ है। अधिवक्ताओं की भूमिका समाज में न्याय दिलाने और आमजन के अधिकारों की रक्षा करने में सबसे अहम होती है। एडीजे नरेंद्र शर्मा ने कहा कि न्यायालय और बार का आपसी सामंजस्य ही न्याय व्यवस्था को सशक्त और प्रभावी बनाता है। अधिवक्ता केवल वकालत तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे समाज को सही दिशा देने का काम भी करते हैं। सीजेएम (डीएलएसए) पृच्छता सिंह ने विधिक सेवाओं की उपलब्धता और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता दिलाने की दिशा में बार की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। एसीजे एसडी विक्रांत ने कहा कि बार एसोसिएशन न केवल अधिवक्ताओं का संगठन है, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रिया में जनसहभागिता का माध्यम भी है। सीनियर डिवीजनल जज मानसी गौड़ ने कहा कि अधिवक्ता के मार्गदर्शन से न केवल आम जनता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है ।अधिवक्ता समाज का वह स्तंभ हैं, जो न्याय की नींव को मजबूत करते हैं। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने विश्वास दिलाया कि बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं की समस्याओं को हल करने और न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी। समारोह में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश त्यागी, जय भगवान त्यागी, एडवोकेट प्रवीण कौशिक, मुकेश कौशिक, अनिल राठी, सचिव संदीप पंवार, संयुक्त सचिव रण सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष नवीन रांगा, विकास बोरा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता और सदस्य मौजूद रहे।

### इंश्योरटेक फर्म टर्टलमिंट ने आईपीओ के लिए सेबी को गोपनीय दस्तावेज सौंपे

**नोएडा।** इंश्योरटेक कंपनी टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए बाजार नियामक सेबी को गोपनीय प्री-फाइलिंग रूट के जरिए दस्तावेज जमा किए हैं। मुंबई स्थित इस बीमा सलाहकार-केन्द्रित स्टार्टअप ने एक सार्वजनिक घोषणा में कहा कि उसने ह्लप्रस्तावित प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में प्री-फाइल्ड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों को सौंपा है, ताकि कंपनी के इक्विटी शेयर मुख्य बोर्ड पर लिस्ट किए जा सकें।ह्व

सार्वजनिक निर्गम की प्रक्रिया में मदद के लिए कंपनी ने आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, जेफरीज इंडिया, जेएम फाइनेंशियल और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को लीड मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया है, यह जानकारी बाजार सूत्रों से मिली है। 2015 में धीरेंद्र मह्यावंशी और आनंद प्रभुदेसाई द्वारा स्थापित टर्टलमिंट का उद्देश्य बीमा पॉलिसियों की खरीद और प्रबंधन को आसान बनाना है। कंपनी अब तक अपने पाँच लाख से अधिक सलाहकारों के नेटवर्क के माध्यम से 1.6 करोड़ पॉलिसियाँ बेच चुकी है।

# विधायक देवेंद्र कादियान ने झाड़ू लगाकर व कचरा उठाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**सेवा पखवाड़ा**

- मोदी के जन्म दिवस पर नगर पालिका ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगरपालिका गन्नौर ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की। मुहिम का उद्घाटन विधायक देवेंद्र कादियान ने झाड़ू लगाकर और खुद कचरा उठाकर किया, जिससे उन्होंने स्वच्छता का एक सशक्त संदेश दिया। अभियान में आमजन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नमस्ते चौक से लेकर बीएसटी फ्लाईओवर तक सड़क और नालों के किनारे फैली गंदगी को साफ किया गया। विधायक ने यह भी घोषणा की कि यह पखवाड़ा खत्म होने के बाद भी शहर के जिन हिस्सों में सफाई की कमी होगी, वहां हर 15 दिन में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे कूड़ा-कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय डस्टबिन का इस्तेमाल करें।

विधायक कादियान ने कहा, यह सिर्फ एक पखवाड़ा नहीं, बल्कि हमारे शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का एक संकल्प है। हमें मिलकर गन्नौर को एक आदर्श शहर बनाना है। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान का लक्ष्य हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ताकि यह एक आदत बन सके। इस दौरान नपा सचिव प्रदीप खर्ब, एमई राहुल मोर, जेई अरविंद, एसआई पोशन मलिक, पार्षद दिनेश अदलखा, वरुण जैन पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, तरुण चुघ, हरीश मदान, प्रवीन कामरा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को भी अपनी भूमिका अदा करनी चाहिएः आजाद नेहरा



**गन्नौर।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा ने सेवा पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के लोकसभा संयोजक आजाद नेहरा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। गन्नौर विधानसभा के सांदल कला नवादा मे भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिसर से सफाई अभियान की शुरूआत की गई। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए आजाद नेहरा ने कहा कि ग्रामीणों को भी अपने घरों और गांव मे भी सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को भी अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां सफाई होगी वहां बीमारियों का प्रभाव कम होगा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, महामंत्री दीपक नैन, अजय नैन, कार्यक्रम के मंडल संयोजक सुनिल सरपंच जिला, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षा सुशीला शर्मा ,पूर्व सरपंच राकेश राका ,मामन बोस ,विरेन्द्र लाकड़ा व राजेन्द्र सिसवाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में आज यानी बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। ट्रैक्ट्र पर टुकड़ों में बंटी हुई लाश पड़ी मिली। मृतक के शरीर पर सिर्फ लोअर था और किसी भी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मिला। इससे शव की पहचान करना मुश्किल हो गया है।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से शिनाख्त करवाने का प्रयास किया, लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी। घटना करनाल के तरावड़ी इलाके की है। जीआरपी करनाल में जांच अधिकारी रविंद्र ने बताया कि शव का आधा हिस्सा ट्रैक्ट्र के एक तरफ था और बाकी हिस्सा दूसरी तरफ पड़ा था।

### मोदी के जन्मदिन पर वार्ड-8 गांव राई में स्वच्छता अभियान

**अभियान**

- पुनीत राई के नेतृत्व में कार्यकताओं और नगर निगम कर्मचारियों ने मिलकर सफाई कार्य किया




**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में वार्ड नंबर 8, गांव राई में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। पार्षद पुनीत राई के नेतृत्व में कार्यकताओं और नगर निगम कर्मचारियों ने मिलकर सफाई कार्य किया और क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सी एस आई कृष्णा कुमार, सुपरवाइजर नितिन तथा नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। अभियान की शुरूआत गांव के मुख्य चौक से की गई, जहां झाड़ू लगाकर, कचरा हटाकर और गंदगी को साफ किया गया।

इसके बाद गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। पार्षद पुनीत राई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और समाजहित के कार्यों को समर्पित है। ह्लस्वच्छता ही सेवा हैह्व के इस संकल्प को हम सभी को अपने जीवन में अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी ले ले तो पूरा शहर स्वच्छ और स्वस्थ बन सकता है। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से सफाई रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर सक्रिय सेलर्स की संख्या 25 प्रतिशत बढ़ी

**गुरुग्राम।** भारत का घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट त्योहारी सीजन से पहले लगातार अपने सेलर इकोसिस्टम को मजबूत बना रहा है। पिछले छह महीने में प्लेटफॉर्म पर सक्रिय सेलर्स की संख्या में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और त्योहारी सीजन से पहले की तिमाही (जून-अगस्त, 2025) में 30 प्रतिशत तक का विकास दर्ज किया गया है। विकास के इस आंकड़े के साथ फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस लाखों एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों को साल के सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट के लिए तैयार होने में मदद कर रहा है। एआई-पावर्ड टूल्स, आसान सेलर सॉल्यूशंस, तेजी से सेटलमेंट और उभरते बाजारों में लगातार विस्तार के माध्यम से सेलर्स तेज विकास कर रहे हैं और आगामी त्योहारी सीजन के लिए बेहतर स्थिति में हैं। 2025 की शुरूआत में फ्लिपकार्ट ने आसान लिस्टिंग, नेविगेशन एवं सेटलमेंट को ध्यान में रखते हुए अपडेटेड सेलर हब और सेलर एप लॉन्च किया था। साथ ही इसके माध्यम से फीस को सुगम बनाया गया है और डिलीवरी की स्पीड तेज की गई है। फ्लिपकार्ट के एसवीपी एवं मार्केटप्लेस हेड साकेत चौधरी ने कहा, ह्लहमारी सेलर कम्युनिटी के लिए त्योहारी सीजन बहुत महत्वपूर्ण अवसर होता है।

### जिला प्रशासन व हरियाणा सेलिब्रिटी के बीच फ्रेंडली मैच से हुआ एचसीसीएल का आगाज



**गन्नौर ।** हरियाणा सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के चौथे सीजन की शुरूआत युनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में फ्रेंडली मैच से शुरू। मैच जिला प्रशासन व हरियाणा सेलिब्रिटी के टीमों के बीच हुआ। जिला प्रशासन की टीम ने हरियाणा सेलिब्रिटी टीम को 28 रनों से मात देते हुए पहले मैच में अपनी जीत का परचम लहराया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि नशे से दूर रहकर ही व्यक्ति जीवन में सफलता और सम्मान हासिल कर सकता है। फ्रेंडली मैच में जिला प्रशासन की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 ओवरों में 160 रन बनाए। इस दौरान ओपनर बल्लेबाज प्रवीण वर्मा व थाना प्रभारी गन्नौर धीरज चौधरी ने ताबड़तोड़ छक्को व चौकों की बरसात की और पहले दो ओवरों में ही 50 रन बना दिए। इस दौरान थाना प्रभारी गन्नौर धीरज चौधरी ने एकतरफा पारी खेलते हुए 90 रन बनाएं और टीम को अंत तक संभाले रखा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई हरियाणा सेलिब्रिटी की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अंत में जीत जिला प्रशासन की टीम की हुई। जिला प्रशासन की टीम में मुख्य रूप से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, डीआईओ विशाल सैनी, एडीआईओ विजय बल्हारा, मंजीत दहिया सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, भाजपा नेता निशांत छोक्कर, अजय गोयल, समाजसेवी व वर्मा लैब के निदेशक प्रवीण वर्मा सहित विभिन्न हरियाणवी कलाकार व गणमान्य मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बहालगढ़ चौक पर स्वच्छता अभियान आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बहालगढ़ चौक पर भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। आंतिल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्न को सफल बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि ह्यस्वच्छता ही सेवा हैह्न का मंत्र केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने का संकल्प ले ले, तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बन सकता है। अभियान में शामिल साथियों ने झाड़ू लगाकर, कचरा उठाकर और चौक-चौराहों को साफ करके लोगों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता हर नागरिक का कर्तव्य है। मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा है और इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह समाज की सुंदरता और विकास का प्रतीक भी है। युवाओं ने भी सफल अभियान बनाने में सहयोग दिया।

### पीएम के बर्थडे पर कांग्रेसियों ने तले पकौड़े

**एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** देशभर में आज पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यक्रम करा रही है, वहीं करनाल में यूथ कांग्रेस ने भाजपा सरकार को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेर लिया। जिला लघु सचिवालय के सामने यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने पकौड़े तल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और कहा कि भाजपा ने रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन 11 साल बाद भी स्थिति जस की तस है।यूथ कांग्रेस के जिला ग्रामीण प्रधान रजत लाठर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि हर साल 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ।

### रौनक पब्लिक स्कूल में साफ्टबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल के खेल परिसर मे शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय साफ्टबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ओलंपियन बाक्सर मनोज कुमार व अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी विजेंद्र महला, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मुकेश महला विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में पहुचने पर स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने पगड़ी पहनाकर अथितियों का स्वागत किया। ओलंपियन मनोज कुमार ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। खेलों में अनुशासन, कड़ी मेहनत व लग्न से ही महान खिलाड़ी बन जा सकता है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया, अनिल शर्मा, पीटीआई देवेंद्र कटारिया, राजीव मिश्रा, प्रमोद कौशिक, गोविंद आदि मौजूद रहे।

-अंडर 14 में यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में अंडर-14 में झज्जर ने कैथल को 2-0 से, जींद ने भिवानी को 9-2 से, फतेहाबाद ने करनाल को 1-0 से, फरीदाबाद ने यमुनानगर को 1-0 से, अंबाला को चरखी दादरी से वाकओवर मिला, कुरुक्षेत्र ने रोहतक को 3-2 से, सिरसा ने सोनीपत को 3-2 से ओर हिसार ने पानीपत को 4-0 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

-अंडर-17 के परिणाम

अंडर-17 में खेलते हुए झज्जर ने अंबाला को 4-1 से, हिसार ने कुरुक्षेत्र को 7-0 से, कैथल ने यमुनानगर को 1-0 से, रोहतक ने पंचकूला को 8-0 से और फरीदाबाद ने गुरुग्राम को 14 -11 हराकर अगले ग्राउंड में प्रवेश किया।

-अंडर-19 की विजेता टीमें

अंडर-19 में खेलते हुए पंचकूला ने अंबाला को 15 -0 से, झज्जर ने भिवानी को 10- 1 से, रोहतक ने करनाल को 4-0 से, हिसार ने फतेहाबाद को 2-0 से ओर रोहतक ने सोनीपत को 14-1 से हराया।

### विश्वकर्मा भगवान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने हुनर का उपयोग विकास में करें: कादियान

**विश्वकर्मा पूजा**

- समस्त विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति द्वारा नई अनाज मंडी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** समस्त विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति गन्नौर द्वारा नई अनाज मंडी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से हुआ। इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों और कार्यकताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। विधायक का समिति के प्रधान सतीश जांगड़ा, महासचिव जोगिन्द्र धीमान, सरक्षक प्रेमचंद दास, उपप्रधान पलटू दास, महासचिव मनोज पंवार, दिलावर ठेकेदार, दिनेश धीमान आदि ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान को सृष्टि का प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार माना जाता है। उनके आदर्शों और कर्मों से प्रेरणा लेकर हमें भी समाज में रचनात्मक कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि पूजा और धार्मिक अनुष्ठान केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी हैं। जब लोग एक मंच पर एकत्र होकर एक-दूसरे से मिलते हैं, तो समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कादियान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यवोकल फॉर लोकलह्न और ह्यमेक इन इंडियाह्न अभियान को आगे बढ़ाने में विश्वकर्मा समाज की भूमिका बेहद अहम है। कारीगर, शिल्पकार और मजदूर समाज की आर्थिक धुरी हैं और उनके बिना देश का विकास अधूरा है। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारा लगाया गया । इस मौके पर कोषाध्यक्ष इन्द्रजीत कश्यप, उप सचिव दिनेश धीमान, सह-कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, नन्द किशोर के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

महासचिव जोगिन्द्र धीमान, सरक्षक प्रेमचंद दास ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जागरूक करने और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का माध्यम हैं।

### ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल फोन बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः 17 सितंबर (संजय नरवाल)**सीआईए थ्री पुलिस टीम ने झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने के आरोपी को मंगलवार को काला आंब मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान खलीला प्रहलादपुर गांव निवासी प्रमीत उर्फ बच्ची के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम को मंगलवार को गुप्त सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म का एक युवक काला आंब मोड़ पर मोबाइल फोन बेचने की फिराक में घूम रहा है। मोबाइल चोरी का होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान प्रमीत उर्फ बच्ची पुत्र कर्मबीर निवासी खलीला प्रहलादपुर के रूप में बताई। मोबाइल बारे पूछताछ करने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने मोबाइल करीब 8 महीने पहले झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित हैण्डी ढाबे से चोरी करने बारे स्वीकारा।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने मोबाइल के साथ ढाबे से 10 हजार रूपए की नगदी भी चुराई थी। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में डाडौला गांव निवासी अमित पुत्र राज कुमार की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 18 सितम्बर 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### 1 अक्टूबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद, शाहबाद मंडी में अब तक 11 हजार क्विंटल की आवक



रिपोर्टर प्रदीप कुमार शाहबाद कुरुक्षेत्र
**शाहबाद :(प्रदीप कुमार)** धान की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से शुरू होगी, लेकिन शाहबाद अनाज मंडी में धान की आवक 14 सितम्बर से ही शुरू हो गई है। अब तक करीब 11 हजार क्विंटल धान मंडी में पहुंच चुका है। मंडी प्रशासन ने खरीदी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शाहबाद मार्किट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि मुख्य मंडी के साथ-साथ सब-यार्ड अजराना कलां और खरीद केंद्र नलवी व चढूनी में भी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। किसानों और आढ़तियों को अब सरकारी खरीद शुरू होने का इंतजार है। उन्होंने बताया कि इस बार शाहबाद क्षेत्र में धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है, जिससे मंडी में आवक कम रहने की संभावना है। पिछले वर्ष शाहबाद अनाज मंडी में 16 लाख 5 हजार क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई

### सुदखोरों पर अम्बाला पुलिस की पैनी नजर- एसपी अम्बाला



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला :** पुलिस अधीक्षक, अम्बाला अजीत सिंह शेखावत, भा.पु.से. द्वारा जिला अम्बाला में मोटा ब्याज खाने व लोगों को कर्ज देकर जमीन/गहने आदि हडपने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यावही करने बारे निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रकार का कार्य करने वाले लोगों को चेतावनी देकर आगाह किया गया तो सुदखोरी का कार्य छोड दें या जिला अम्बाला छोड दें । पुलिस अधीक्षक अम्बाला द्वारा सभी प्रबन्धक थाना को सख्त निर्देश देते हुये सुदखोरी का कार्य करने वाले लोगों की पहचान करके उनको सलाखों के पिछे पहुचाने का कार्य किया जाये । जिला अम्बाला में ऐसा एक भी व्यक्त्ति ना रहने पाये । पुलिस अधीक्षक, अम्बाला आम लोगों से भी अपील की गई है कि जो लोग इस प्रकार का कार्य करते हैं उनके बारे में पुलिस को सुचित करें और उनके बहकावे में आकर अपना जीवन बरबाद न करें और अपने आस पास सुदखोरी का कार्य करने वाले लोगों के सम्बन्ध में सुचना जिला पुलिस कन्ट्रोल रुम अम्बाला व डायल 112 पर तुरन्त सुचना दें ताकि ऐसा कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ आप सभी के सहयोग से शीघ्र अति शीघ्र सख्त कार्यवाही की जा सके ।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सामूहिक जिम्मेदारी का है प्रतीकः सुभाष सुधा

## सेवा के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

**क्रियान्वित**

□ जन लाभ सुनिश्चित करने के लिए अपने निर्धारित कार्यक्रमों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित करें



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम सामूहिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थायी सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। उन्होंने कहा कि सही मायने में जन लाभ सुनिश्चित करने के लिए अपने निर्धारित कार्यक्रमों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित करें। यह अभियान प्रधानमंत्री के सेवा के दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान सेक्टर 17 के दुकान मालिकों और आम नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, डीएमसी अमन कुमार, एसडीएम शाश्वत सांगवान, नप चेयरमैन माफी ढांडा सहित नप के कर्मचारियों व सैकड़ों लोगों ने इस स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम जिला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष कार्यक्रम का आयोजित किए जाएंगे। इस पाक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना और विकासात्मक पहलों को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जगह-जगह पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अलावा सभी नागरिक उत्साह के साथ जगह-जगह पर पौधा रोपण कर रहे है, प्रधानमंत्री के जन्मदिवस हवन यज्ञ किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान सेक्टर 17, महादेव मंदिर के आस-पास व सरकारी अस्पताल में सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में वाह फाउंडेशन की तरफ से सेक्टर 17 की मार्किट में कपड़े के बैग वितरित किए गए। ये बैग शहर की सभी मार्केट में उपलब्ध रहेंगे। पुराना बैग देकर बदले में नया लेकर जा सकते हैं।

**पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किया पौधारोपण**

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दौरान सेक्टर 17 में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, सभी नागरिकों को अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

# मोदी विश्व के प्रभावशाली नेताओं में से एकः रेखा



टीम एक्शन इंडिया
**समालखाः (संजय नरवाल)**
देश भर में आज का दिन बीजेपी कार्यकर्ताओं के लिए किसी पर्व से कम नहीं है। जैसा कि आपको पता है प्रदेश भाजपा के आदेश पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चल रहा है। पानीपत जिला अध्यक्ष भाजपा दुष्यन्त भट्ट के मार्गदर्शन में आज मण्डल समालखा शहरी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल के नेतृत्व में शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई और माल्यार्पण किया गया। सुभाष कुहाड़ ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शहीदों के स्मारकों पर हो रहे यह कार्यक्रम हर माह होने चाहिए।यानी हर माह इसी तारीख को यह सेवा पखवाड़ा मनाया जाना चाहिए। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर सहरावत ने बताया कि जन्म दिन का मतलब केक काटना नहीं बल्कि सामाजिक कार्यों द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचना भी है, जो कि पार्टी के कार्यकर्ता दृढ़ संकल्प के साथ करते हैं।इस अवसर पर वार्ड एक पार्षद संजय गोयल महामंत्री नरेंद्र वर्मा रॉकी वर्मा और सुभाष कुहाड मोहित गोयल सुधीर सहरावत शिवानी पांचाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे

**सेवा पखवाड़ा**

□ सामाजिक कार्यों द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुंचना भी है

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर गोहाना-बरोदा सड़क के लिए 27 करोड़ रुपए मंजूर

**गोहाना, बलराम**
**गोहाना** से जुलाना तक सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर दर्जन भर गांवों की बार-बार की जा रही मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर पूरी हो गई। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना से बरोदा, बनवासा, रिंढाना से सोनीपत जिला की सीमा तक सड़क निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र में सड़क का चौड़ीकरण होगा तो गांवों के आबादी इलाके में सीमेंटेड सड़क बनाई जाएगी। बुधवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि लंबे अरसे से गोहाना से जुलाना तक जोड़ने वाली सड़क को बनवाने के लिए ग्रामीणों के साथ-साथ विभिन्न संगठनों द्वारा मांग उठाई गई थी। इसके संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आमजन की भावना से वाकिफ करवाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के पावन मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 27 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। इस सड़क के निर्माण के लिए जल्द ही डीपीआर बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं, ताकि शीघ्र टेंडर लगाया जा सके।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का किया आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** थानेसर में पूर्व राज्य मंत्री श्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बीडीपीओ कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 75 केक काटकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जन्मदिन मनाया गया` बीडीपीओ कार्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्वारा कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों व चौकीदारों को सम्मानित कर उनके कठिन परिश्रम और निष्ठा के प्रति आभार प्रकट किया गया। सफाई कर्मचारियों को 10 रिक्शा-रेहड़ी, 20 सफाई किट (झाड़ू, कुदाल, खुर्पा आदि) वितरित किए गए, वहीं चौकीदारों को शॉल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने करीब 30 लाख रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया, जिनमें अभिमन्युपुर में 5 लाख की लागत से स्वागत द्वार, बगथला में 5 लाख की लागत से अंबेडकर स्वागत द्वार, खंड कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का उद्घाटन (2 लाख), शौचालय का निर्माण का शिलान्यास (5 लाख), नवीन कमरों का निर्माण का शिलान्यास (10 लाख) तथा बारना गाँव में 3 लाख रुपये की लागत से गली व नाली निर्माण का शिलान्यास शामिल हैं। गाँव मिर्जापुर व हथीरा को एक एक वाटर टैंक भेंट किए गए। जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। छायादार व फलदार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन रजनी राममेहर शर्मा, आचार्य राम मेहर शर्मा, मलकीत ढांडा ब्लॉक समिति सदस्य वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुनील डोचक, सतबीर बादल, गौतम बारना, पूजा मेनपाल खिजरपुरा, रणदीप ज्योतिसर, रोहित जोगना खेडा विभिन्न गाँवों से आए सरपंच गुरबक्श बारवा, बलदेव सिंह कैंथला, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश दयालपुर, परवीन शर्मा ज्योतिसर, व नगरवासी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर कुरुक्षेत्र में हवन यज्ञ का आयोजन कार्यक्रम में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. हरिओम, साहिल सुधा, ऋषि पाल मथाना, मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र जांगड़ा, पूर्व मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष सुरेश सैनी (कुक्कू), पार्षद प्रेम नारायण अवस्थी, देवेंद्र हांडा, मोहित कक्कड़, सुरेंद्र मोहन सहित बड़ी संख्या में सेक्टर-8 के निवासी उपस्थित रहे।

# इंद्री-मंडी रोड की खस्ता हालत से लोग परेशान



टीम एक्शन इंडिया
**इंद्री (मैनपाल कश्यप)** इंद्री क्षेत्र की मुख्य इंद्री-मंडी सड़क की जर्जर हालत ने सरकार के सबका साथ सबका विकास के दावों की पोल खोल दी है। इस सड़क पर कई-कई फीट गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे होने का खतरा बना हुआ है। धान सीजन नजदीक होने के चलते किसानों की चिंता और अधिक बढ़ गई है। उन्हें अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर भारी ट्रैफिक दबाव के बावजूद संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि आंख मूंदे बैठे हैं।

**पोल खुली**

□ इंद्री-मंडी सड़क की जर्जर हालत ने सरकार के सबका साथ सबका विकास के दावों की पोल खोल दी

स्थानीय लोगों ने जताया रोष ग्रामीण राजेश कुमार ,सुरेश ,संजय ,कुलदीप ,रवि ,सुमित ,प्रदीप ,अंग्रेज सिंह ,अनीश आदि ने बताया की इंद्री के विधायक को कार्यभार संभाले करीब छह वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक इस मुख्य मार्ग की मरम्मत तक नहीं करवाई गई। जनता कई बार शिकायत कर चुकी है, लेकिन केवल आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला। लोग अब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वे स्वयं संज्ञान लेकर इस समस्या का समाधान करवाएं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में विकास केवल कागजों पर हो रहा है।

# कुरुक्षेत्र पुलिस ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किया पौधारोपण



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निदेर्शानुसार तथा पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल के मार्ग-दर्शन में जिला पुलिस द्वारा सेवा पखवाडा अभियान के तहत पौधे लगाने का अभियान चलाया। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पौधारोपण करने का निर्णय लिया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा के तहत जिला पुलिस द्वारा पौधारोपण अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत बुधवार को थाना यातायात शहर एरिया में पोधे लगाये गये। 15 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में पुलिस लाइन, पुलिस थाने, पुलिस चौकी तथा पुलिस के अन्य परिसरों में पौधारोपण किया जायेगा।

### बहादुरगढ़ में फुटवियर प्रदर्शनी 18 सितंबर से

**झज्जर।** फुटवियर पार्क एसोसिएशन बहादुरगढ़ व बहादुरगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से गैर चमड़े के फुटवियर एवं एक्सेसरीज पर आधारित प्रदर्शनी खरीदार-विक्रेता मिलन एवं फैशन शो 2025 का आयोजन गुरुवार से फुटवियर कलेक्टर बहादुरगढ़ के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 18 और 19 सितंबर 2025 को होगा। इस फुटवियर प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 सितंबर गुरुवार को राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल द्वारा किया जाएगा। बहादुरगढ़ फुटवियर संगठन के

# जीवन की नींव है स्वच्छ वातावरणः कंवलजीत



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की नींव है। सभी नागरिकों को व्यक्तिगत स्तर पर भी सफाई के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए। प्रशासन की ओर से निरंतर सफाई अभियान चलाया जाएगा और जनता का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के तहत जिला परिषद परिसर में कूड़ा-करकट हटाया गया, पेयजल स्त्रोतों की सफाई की गई तथा कर्मचारियों और आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर और उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता सेवा पखवाड़े का आज जिला परिषद परिसर शुभारंभ किया गया। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। इनमें 17 सितम्बर को नालों की सफाई, 18 सितम्बर को सडकों की सफाई और 19 सितम्बर सामुदायिक शौचालयों की सफाई की जाएगी। इसी तरह 20 सितम्बर कूड़ा प्रभावित स्थलों की सफाई, 21 सितम्बर ग्राम सचिवालय / पंचायत घर की सफाई और 22 सितम्बर धार्मिक स्थलों की सफाई करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 सितम्बर अम्बेडकर भवन, महर्षि वाल्मीकि भवन, संत कबीर दास भवन, रविदास भवन, शहीद स्मारक की सफाई, 24 सितम्बर खेल मैदानों की सफाई की जाएगी। इसी तरह 25 सितम्बर फिरनी, सार्वजनिक स्थलों एवं गौरव पथ की सफाई और 26 सितम्बर जलाशयों एवं अमृत सरोवर की सफाई की जाएगी।

**वातावरण**

□ जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की नींव है

# गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र में हुआ फुटबॉल खेलों का उद्घाटन समारोह



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** श्रीमद्भागवदगीता व० माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 36 वे अखिल भारतीय फुटबॉल खेलो का उद्घाटन समारोह हुआ। वंदना सत्र में विद्या भारती उत्तर- क्षेत्र के संरक्षक व मुख्य वक्ता सुरेंद्र अत्रि, कार्यक्रम के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष,व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामना रेड्डी निर्देशक ठळ्ळ कुरुक्षेत्र व विशिष्ट अतिथि श्याम लाल मित्तल पूर्व छात्र,राज सिंह बतान (रिटायर्ड आई.आर.एस ),अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी व प्राचार्य अनिल मदान ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र अत्रि ने बताया विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में इसलिए आया ताकि शिक्षा देश की संस्कृति के अनुकूल हो। विद्या भारती ने 1952 तक प्राथमिक स्कूल प्रारंभ किए हमारा लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन करना व हमने शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा पर भी जोर दिया और 2006 में हमें रत्र्र्र्रकद्वारा अस्थायी मान्यता दी गई व 2007-8 में हमें रत्र्र्र्रकद्वारा परमानेंट मान्यता दी गई। एस जी एफ आई द्वारा एक पुरस्कार निर्धारित किया गया जिसे सर्वप्रथम 2010 में विद्या भारती के छात्रों ने ही प्राप्त किया।विद्या भारती के 4000 खिलाड़ी प्रतिवर्ष रत्र्र्र्रक में खेलने जाते हैं विद्या भारती के द्वारा देश में 13 000 विद्यालय व 12 000 निशुल्क विद्यालय चलाए जाते हैं 36वें फुटबॉल अखिल भारतीय फुटबॉल खेलों में 20 प्रान्तों से 608 छात्र भैया -बहने आए हुए हैं तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामना रेड्डी निर्देशक एनआईटी कुरुक्षेत्र ने गीता के श्लोक ऱकर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोस्त्वकर्मणिऱ। हमें कर्म करते रहना चाहिए फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए ।हमें खेलों को खेल की भावना से खेलते हुए खेल खेलना चाहिए ।हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपना कार्य करना चाहिए ।हार- जीत से हतोत्साहित न होते हुए खेल को खेलना चाहिए उन्होंने कहा विद्या भारती द्वारा जो शिक्षा दी जाती है उससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है कार्यक्रम के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल (अध्यक्ष, हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन) ने छात्रों से कहा कि हमें खेलों को ईमानदारी से खेलना चाहिए उन्होंने खिलाड़ियों को भारत का गौरव बताया उन्होंने बताया कि जब हमें विदेशों में खेलों में स्वर्ण पदक मिलते है तो हमारे देश का राष्ट्रगान गाया जाता है उन्होंने खिलाड़ियों को 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में अधिक से अधिक गोल्ड मेडल लाने के लिए प्रेरित किया।

**शुभारंभ किया**

□ प्राचार्य अनिल मदान ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# आईटीआई खरखौदा में रोजगार मेले एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**बुधवार** को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खरखौदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर हरियाणा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभागीय निर्देशानुसार एस एफ जी ब्लड बैंक फाउंडेशन के सहयोग से एक रक्तदान शिविर तथा एस्टर बेअरिंग प्राइवेट लिमिटेड नाथुपुर , कुंडली के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य संदीप अहलावत ने बताया कि रक्तदान शिविर एवम जॉब मेले में संस्थान के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 46 प्रतिभागियों ने रक्तदान किया तथा 18 छात्रों का चयन रोजगार के लिए औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान एक महान मानव सेवा है, जिससे अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं।

# रक्तदान सबसे बड़ा सेवा कार्य: मनोहर लाल

## पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार से सेवा पखवाड़ा की शुरूआत हो गई।

सेवा पखवाड़ा

इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया, मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** शहर में पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर बुधवार से सेवा पखवाड़ा की शुरूआत हो गई। इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह सबसे बड़ा सेवा कार्य है, जिससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वे पानीपत में भी रक्तदान शिविर में शामिल हो चुके हैं और अब करनाल पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान के साथ-साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चल रहा है, जिसके तहत हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन दिनों में महापुरुषों को याद कर समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया जाएगा।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 21 सितंबर से नवरात्रि शुरू हो रही है और 2 अक्टूबर को दशहरा है। ऐसे समय पर पूजा स्थलों की सफाई के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंदगी हम सब मिलकर फैलाते हैं और उसे मिलकर ही साफ करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति सेवा पखवाड़े में अपनी जिम्मेदारी लेकर आगे आए। चाहे रक्तदान हो, स्वच्छता अभियान में भागीदारी हो या पेड़ लगाने का संकल्प, सभी को समाजहित में योगदान देना चाहिए। इससे सेवा पखवाड़ा सफल और सार्थक होगा।
उन्होंने कहा कि दिल्ली करनाल बाईपास पर जो कूड़े का ढेर लगा हुआ है, उसको हमने एक साल तक साफ करने का संकल्प लिया है। वहीं इस दौरान उन्होंने किसी भी पॉलिटिकल सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज का दिन कुछ और दिन है, अगर इसी में उलझे रहेंगे तो यह आनंद खत्म हो जाएगा।

# आईजी पंकज नैन का सख्त संदेश: अपराधियों पर अब होगी जीरो टॉलरेंस नीति



**यमुनानगर, धर्मबीर-** अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने को लेकर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अम्बाला रेंज पंकज नैन ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की विशेष बैठक ली। बैठक में एसपी कमलदीप गोयल, एएसपी अमरिंदर सिंह, डीएसपी कवलजीत सिंह, हरविंदर सिंह, रजत गुलिया, आशीष चौधरी, राजीव मिगलानी सहित सभी थाना प्रभारी, सीआईए प्रभारी व सुरक्षा शाखा इंचार्ज मौजूद रहे।
आईजी नैन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे निष्पक्ष रहते हुए सच्ची निष्ठा और ईमानदारी से अपराधियों पर शिकंजा कसें। उन्होंने कहा कि होटल्स व पीजी की समय-समय पर जांच सुनिश्चित की जाए और संचालकों को हिदायत दी जाए कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति उनके यहां ठहरता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।आईजी ने बिना नंबर प्लेट वाहनों, मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने वाले बाइक सवारों और नशे में ड्राइव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाकाबंदी औपचारिकता न होकर सख्त कार्रवाई का हिस्सा होनी चाहिए, लेकिन इस दौरान आमजन, महिलाओं और बुजुर्गों के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी जरूरी है। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए आदेश दिया कि पिछले 10 वर्षों में जघन्य अपराधों में शामिल रहे अपराधियों की वैरिफिकेशन कर निगरानी की जाए और यदि वे किसी मामले में दोबारा संलिप्त पाए जाते हैं तो तुरंत जेल भेजा जाए।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा विधायक का वीडियो वायरल



एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** शहर में विधायक जगमोहन आनंद का चाय पर चर्चा के कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में भाजपा विधायक और एक व्यक्ति के बीच बातचीत हो रही है। इस वीडियो में जिस व्यक्ति से विधायक बातचीत कर रहे हैं, उस व्यक्ति की पुष्टि करते हुए यूथ कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यह व्यक्ति वार्ड नंबर 8 से राकेश कुमार है।
राकेश को कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव में इसी वार्ड से टिकट थी, जिसने अपना पर्चा वापस ले लिया था और फिर बीजेपी उम्मीदवार निर्विरोध पार्षद बने। वीडियो में विधायक और राकेश के बीच चुनाव के दौरान पैसों के लेन-देन का खुलासा होता दिख रहा है। इस वीडियो को यूथ कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष रजत लाठर ने वायरल करते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।
वीडियो में विधायक और राकेश के बीच क्या बात हुई-विधायड्ड-पर्चा भरने के बाद पर्चा उठाने के लिए आप पैसे ले गए थे। राकेश कुमार-क्या पैसे ले लिए थे मैंने। विधायड्ड-पैसे लिए थे या नहीं लिए थे, ये बता दो बस। इसका जवाब दे दो। ईमानदारी से बता दो, पैसे लिए थे या नहीं लिए थे, क्योंकि सुबह का टाइम है। हां या ना। राकेश कुमार-पहले आप ये बताओ, जितने मुझे पैसे कहे गए थे, उसमें से 10 प्रतिशत भी पैसे नहीं आए।
विधायड्ड-आपने पैसे लिए थे या नहीं लिए थे। आपने पर्चा उठाने के लिए पैसे लिए थे या नहीं लिए थे। हां या ना में उत्तर दे दो। मैं करनाल का रहने वाला हूं और एड्ड-एक आदमी को जानता हूं। आपने पर्चा उठाने के लिए पैसे लिए थे या नहीं। राकेश कुमार-आपने मुझे क्या दे दिया, ये बताओ। चलो पैसे दिए भी होंगे, क्या दे दिया उसमें। विधायड्ड-पैसे दिए थे या नहीं दिए थे। राकेश कुमार-आपने मुझे क्या दे दिया, अगर ऐसा है, तो दोबारा चुनाव करवा दो। अगर आपको ये ही लगता है। विधायड्ड-सब लोगों को नहीं पता है ना कि आपने पर्चा उठाने के पैसे लिए बंद कमरे में पैसे लिए। राकेश कुमार-क्या पैसे लिए, मैंने।

### आबादी से बरसाती पानी निकालने को दें प्राथमिकता, ततपश्चात खेतों से करें निकासी: सांसद धर्मबीर सिंह

**तोशाम-भिवानी** महेन्द्रगढ़ लोक सभा क्षेत्र के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा है की अधीकारी बरसाती पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए काम करें ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। सासंद ने कहा कि फिलहाल बरसाती पानी को निकालने के लिए सभी विकल्पों पर काम करें और अतिशीघ्र लोगों की समस्या का समाधान करें। सांसद ने प्रभावित गांवों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए वहीं स्वास्थ्य विभाग को लगातार फॉगिंग एवं स्वास्थ्य चैकअप किए जाने के निर्देश दिए।
सांसद ने जल भराव से जुड़े गांवों के लिए स्पेशल नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के भी निर्देश दिए। सांसद बुधवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जल भराव से प्रभावित गांवों के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। सांसद ने उपस्थित अधिकारियों को इस सम्बंध में सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।
सांसद धर्मबीर सिंह ने बुधवार को बरसाती पानी से प्रभावित गांवों के लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद ने एक-एक प्रत्येक गांव की ओर से सुझाव सांझे किए। सांसद ने गांव के सरपंच व मौजिज व्यक्तियों से जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के सुझाव मांगते हुए उपस्थित अधिकारियों को उन सुझावों को अतिशीघ्र अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए।
सांसद ने कहा कि पानी निकासी को लेकर पडौसी गांव एक-दूसरे का सहयोग करें ताकि स्थाई समाधान निकाला जा सके।
सांसद ने पंचायतों द्वारा दिए गए सुझावों के प्रस्ताव मांगे और कहा कि सरपंच प्रस्ताव बनाकर भेजें।

# स्लोगन में डिंपी व पोस्टर में शगुन ने मारी बाजी



टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर, धर्मबीर-** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वुमेन सेल, यूथ रेडक्रास सेंटर व रेड रिबन क्लब की ओर से थैलेसीमिया व एचआईवी एड्स पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें नियो मेडिकेयर चिल्ड्रन अस्पताल की डॉ नम्रता भाटिया, इनरवील क्लब प्रेसीडेंट स्वीटी आनंद, सिविल अस्पताल में थैलीसीमिया प्रोजेक्ट चेयरमैन पारूल खन्ना, भाग फाउंडेशन के सचिव अभिनव थापर मुख्य वक्ता रहे। कॉलेज कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ सुरिंद्र कौर, वुमेन सेल कनवीनर डॉ मीनाक्षी सैनी, यूथ रेडक्रास सेंटर कनवीनर रितिका व रेड रिबन क्लब कनवीनर प्रिया ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग कंपीटिशन का आयोजन भी किया गया। थैलेसीमिया पर आधारित विडियो के जरिए छात्राओं को जागरूक भी किया गया।
डॉ नम्रता भाटिया ने माइनर व मेजर थैलेसीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि शादी से पहले कुंडली मिलान के साथ, अगर युवा थैलेसीमिया की भी जांच करवा लें तो आने वाली पीढी को इस बीमारी से बचाया जा सकता है। एचआईवी एड्स के प्रति छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि एड्स वास्तव में अपने आप में कोई बीमारी नहीं है बल्कि एचआईवी के संक्रमण के बाद जब रोगी व्यक्ति छोटी-छोटी बीमारियों से लड़ने की शारीरिक क्षमता भी खो देता है और शारीरिक शक्ति का विनाश हो जाता है, तब जो भयावह स्थिति पनपती है, वही एड्स है। जागरूकता के जरिए ही एचआईवी एड्स से बचा जा सकता है। स्वीटी आनंद व पारूल ने छात्राओं को थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ सुरिंद्र कौर ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से रक्त की जांच करवाएं, ताकि समय रहते थैलेसीमिया के बारे में जानकारी हासिल हो सकें।
**इस प्रकार रहे परिणाम:** स्लोगन राइटिंग में बीए द्वितीय वर्ष की डिंपी ने पहला, बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष की दिव्या ने दूसरा, तृप्ति ने तीसरा तथा पंखुड़ी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।
पोस्टर मेकिंग में बीएससी फिजिकल साइंस प्रथम वर्ष की शगुन ने पहला, बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की दविंदर ने दूसरा तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की कीर्ति ने तीसरा अर्जित किया।

# मां भूरा भवानी मंदिर में 22 सितंबर को निकाली जाएंगी शोभायात्रा

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना
**महेंद्रगढ़।** नवरात्र के शुभारंभ पर 22 सितंबर को सुबह साढ़े आठ बजे सिद्ध पीठ माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्र के शुभारंभ पर 22 सितंबर को सुबह आठ बजे महिला कलश सिर पर रखकर व झंडा लेकर डीजे के साथ माता भूरा भवानी के जय जयकारें लगाते हुए मंदिर परिसर से गांव सिसोठ के चारों तरफ शोभायात्रा निकालेंगे। महंत शक्तिनाथ ने बताया कि इस बार एक नवरात्र अधिक है, इस बार नवरात्र में माता रानी हाथी पर सवार होकर आ रही है, जो हमारे लिए खुशहाली आने का शुभ संकेत है। कमेटी प्रधान संदीप यादव व कमेटी सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 10 बजे तक दुर्गा स्तुति और भजन होंगे। 29 सितंबर सोमवार को माता का विशाल जागरण होगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार माता की महिमा का गुणगान करेंगे। 30 सितंबर को महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में महिलाओं द्वारा डांडिया उत्सव मनाया जाएगा। एक अक्टूबर को माता भूरा भवानी का महान मेला व विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# पूर्ण मूर्ति कैंपस में धूमधाम से मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन



टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत, 17 सितंबर।** पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ केक काटकर पीएम मोदी के स्वस्थ जीवन की कामना की ।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री मोदी का जीवन समर्पण और सेवा की मिसाल है। मैं कामना करता हूं कि वे दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें और दीर्घ काल तक उनका नेतृत्व भारत को प्राप्त होता रहे। कैंपस में भगवान विश्वकर्मा पूजा भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधि विधान से इंजीनियरिंग लैबों में मौजूद औजार व मशीनों का पूजन हुआ व हवन यज्ञ कर सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# मेयर सुमन बहमनी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, पौधे बांटकर मनाया पीएम का जन्मदिन



टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर, धर्मबीर-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को सेवा पखवाड़ा के तहत नगर निगम के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें मेयर सुमन बहमनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड-1 स्थित बाबा कॉलोनी से हुई, जहां स्वच्छ महोत्सव का आयोजन किया गया। मेयर सुमन बहमनी ने भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रियंक शर्मा, पार्षद रीना रस्तोगी, पार्षद जयंत स्वामी आदि के साथ मिलकर स्वयं झाड़ू लगाई और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर मेयर ने बच्चों और श्रमिकों को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।
मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। उनके जन्मदिन पर शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा हमें समाज में स्वच्छता और सेवा की प्रेरणा देता है।
इसी कड़ी में, श्रम विभाग की ओर से वार्ड-16 स्थित लेबर कॉलोनी में भी विशेष कार्यक्रम हुआ, जिसमें मेयर ने श्रमिकों को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की खुशी साझा की।उधर, गोविंदपुरा सरकारी स्कूल में मेयर ने पौधरोपण किया और बच्चों को तुलसी के पौधे व मिठाई वितरित की। यह कार्यक्रम हेल्पिंग हैंड ग्रुप की ओर से आयोजित किया गया। मौके पर डॉ. एन. शाही, विभा गुप्ता, अलका, उमा शर्मा, डॉ. शिव कुमार समेत कई उपस्थित रहे।

# श्रमिक सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर, धर्मबीर-** श्रम विभाग यमुनानगर की ओर से जिला एवं खंड स्तर पर श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शिरकत की।
कैबिनेट मंत्री राणा ने कहा कि श्रमिक देश की रीढ़ हैं। उनका योगदान सदैव सराहनीय रहा है। श्रमिकों को सम्मान देना और उन्हें सरकार की योजनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

# चंडीगढ़ सेक्टर 25 में निरंकारी समागम 21 सितंबर को

समागम

समागम में निरंकारी राज पिताजी हजारों श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे, आशीर्वाद प्रदान करेंगे।



टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** सेक्टर 25 स्थित ग्राउंड में 21 सितंबर को निरंकारी समागम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा। इस समागम में निरंकारी राज पिताजी हजारों श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे और आशीर्वाद प्रदान करेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है। समागम स्थल की तैयारियों को लेकर संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने विशेष योगदान दिया है। सेक्टर 25 ग्राउंड का हाल काफी खराब था और जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। लेकिन सेवादारों ने कई दिनों तक लगातार सफाई अभियान चलाकर इस स्थल को स्वच्छ और सुंदर बना दिया। अब यह ग्राउंड पूरी तरह से श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है और स्वर्ग जैसी छटा बिखेर रहा है।
जोनल इंचार्ज ओ पी निरंकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समागम में न केवल चंडीगढ़ से, बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्रद्धालुओं के बैठने और आवागमन की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही, ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग के लिए भी मिशन और प्रशासन ने संयुक्त रूप से योजना बनाई है ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।
उन्होंने बताया कि यह समागम केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। निरंकारी मिशन हमेशा से मानवता, सेवा और भाईचारे का संदेश देता आया है। इस अवसर पर विशेष सत्संग और भक्ति गीतों के माध्यम से ईश्वर प्रेम और एकता का संदेश दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के 75 में जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर , धर्मबीर-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मारवा कलां में संजीवनी ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का का आयोजन किया गया। रक्तदान शिवा में 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।
मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रमेश ठसका और पूर्व विधायक साडोरा बलवंत सिंह ने रक्तदान शिवर का विधिवत शुभारंभ किया।
जिला परिषद अध्यक्ष रमेश ठसका ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन देश और समाज को समर्पित कर दिया है। उन्होंने देश को वैश्विक स्तर पर अलग ही पहचान दिलाई है, आज हम उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर में शामिल होकर गर्व की अनुभूति हो रही है।
वहीं कार्यक्रम में शामिल पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा है कि रक्तदान न केवल एक व्यक्ति के लिए जीवनदान बनता है बल्कि यह उसके परिजनों के लिए अभी नया जीवन लेकर आता है हमें मानव समाज और देशहित के लिए रक्तदान जरूर करना चाहिए।

# नागरिक अस्पताल तोशाम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शुभारंभ

-एसडीएम रवि मीणा और सिविल सर्जन डॉ रघुबीर शांडिल्य ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



टीम एक्शन इंडिया
**तोशाम, 17 सितम्बर-** स्थानीय नागरिक अस्पताल तोशाम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) और डॉ रघुबीर शांडिल्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक दवाइयां मुहैया करवाई गई। इस मौके पर पौधारोपण कर स्वास्थ्य में पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर केक काटा गया व रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। वहीं राज्यसभा सांसद श्रीमती किरण चौधरी भी कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से जुड़ी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।
एसडीएम रवि मीणा व सिविल सर्जन डॉ रघुवीर शांडिल्य द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर केक काटा गया। इस मौके पर उप-सिविल सर्जन व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ सुनील कुमार, डॉ दिव्या मीणा, एडवोकेट हरिसिंह सांगवान, पंचायत समिति वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का आयोजन नागरिक अस्पताल तोशाम में किया गया।
इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा संबंधी कई स्टॉल लगाए गए। जहां मरीजों ने पंजीकरण कराकर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की और अपनी स्वास्थ्य जांचें कराई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। डॉ सुमन विश्वकर्मा ने दस टीबी मरीजों को गोद लिया व उनको पोषण कीट वितरित की। योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।सिविल सर्जन डॉ रघुबीर शांडिल्य ने उपस्थित लोगों को सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर अगले 15 दिनों तक चलेंगे। जिनमें विभिन्न प्रकार की जांचें कराने की सुविधा उपलब्ध होगी।

# बढ़खालसा स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम



**राई ।** बढ़खालसा स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के स्वास्थ्य व सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन सामूहिक रूप से सुना गया। इस मौके पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, उपायुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित, सीएमओ सोनीपत, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल, पखवाड़ा जिला संयोजक अजय दहिया भी मौजूद रहे। बढ़खालसा स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा के तहत के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर आधारित लाइव संबोधन सामूहिक रूप से सुना गया, जिसमें उन्होंने नारी शक्ति के महत्व और स्वस्थ समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें मातृ स्वास्थ्य, शिशु देखभाल और पोषण संबंधी जांच की गई। डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को संतुलित आहार, समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और स्वच्छता की आदतों को अपनाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# नरेलाः सुभाष रामलीला में भव्य रूप में होगा रामलीला का आयोजन, 110 फुट ऊँचा होगा रावण

**टीम एक्शन इंडिया/ सुनील**

**नई दिल्लीः** नरेला में सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के द्वारा एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए रामलीला के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार नरेला में प्रभु श्रीराम की लीला का भव्य रूप में मंचन किया जायेगा। लोगों के आनंद के लिए क्लब 21 सितंबर को रामलीला से पहले 'डांडिया नाइट' का भी भव्य आयोजन करने जा रही है, जिसमें लोग गरबा और डांडिया के रंग में रंग सकेंगे। पिछले वर्ष भी डांडिया नाईट का भव्य आयोजन किया गया था।

**110 फुट का रावण होगा तैयारः** इस बार क्लब के द्वारा 110 फुट का रावण तैयार किया गया है, जो विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।







**रामलीला के पहले होगी भव्य डांडिया नाईटः** पत्रकार वार्ता के दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला से पहले बड़े ही भव्य रूप में डांडिया नाईट का आयोजन किया जायेगा। रामलीला को लेकर तैयारियां काफी जोरों पर हैं और इसकी झलक नरेला के रामलीला मैदान में साफतौर पर भी दिख रही है।

**आजादी के समय से हो रही है रामलीलाः** सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि इस साल की रामलीला पहले से भी ज्यादा भव्य और खास होने वाली है। यह रामलीला आजादी के समय से लगातार हो रही है और हर साल लाखों लोग यहाँ आकर प्रभु की लीला मंचन को देखते है।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया गया पुख्ता इंतजामः** क्लब ने बताया कि इस बार तैयारियां कुछ अलग की गई हैं। दर्शकों की सुरक्षा के लिए 50 बाउंसर और 100 गार्ड तैनात रहेंगे ताकि हर कोई बिना किसी डर के रामलीला को देख सके।

**लगाए जाएंगे बड़े-बड़े झूलेः** मनोरंजन के लिए इस बार बड़े-बड़े झूले लगाए जाएंगे और बच्चों के लिए खास 'डायनासोर पार्क' भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। सबसे खास बात यह है कि इस बार 110 फुट ऊँचा रावण तैयार करवाया जा रहा है, जो बाहरी दिल्ली का सबसे ऊँचा रावण होगा। इस मौके पर सुभाष रामलीला क्लब के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लगाया निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः जम-जम** फाउन्डेशन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मल्का गंज क्षेत्र के आर्य पूरा स्थित लोधी राजपूत धर्मशाला में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से एक निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद की जाँच की गई तथा 25 लोगों को निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए दो दिन बाद कि रोटरी डॉ. श्रॉफ



चैरिटी आई क्लिनिक करोल बाग में आने की तारीख दी गई। इस अवसर पर मल्का गंज क्षेत्र की निगम पार्षद बहन रेखा अमरनाथ, जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान, अध्यक्ष शमीम अहमद खान, उपाध्यक्ष ममता आनन्द, उपाध्यक्ष चन्दन गिरी, गोस्वामी, मौहम्मद कादिर अजहर मौजूद रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर निगम ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः भारत** के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा सिविक सेंटर में रोटरी क्लब के सहयोग से एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंखों की जांच, महिलाओं के लिए मैमोग्राफी टेस्ट, ब्लड डोनेशन, डायबिटीज टेस्ट सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने प्रधानमंत्री के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं को देश का प्रधान सेवक मानते हैं और सेवा पखवाड़ा उसी भावना का प्रतीक है। आज हमने इस शिविर के माध्यम से अपने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई। महिलाओं के लिए मैमोग्राफी टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई ताकि समय रहते कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके। इस प्रकार के शिविर हमें समाज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और सेवा के भाव को बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निगम अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मचारी शामिल हुए और विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया।

इस अवसर पर शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी, एडिशनल कमिश्नर पंकज अग्रवाल, शिक्षा निदेशक निखिल, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर उत्तर-पूर्वी जिला भाजपा ने किया रक्तदान शिविर आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः उत्तर-पूर्वी** जिला भाजपा ने सेवा पखवाड़ा मनाते हुए उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय पर रक्तदान शिविर लगाकर 100 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी, प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी, विधायक अजय महावर राज कुमार बल्लन, पूनम चौहान, राहुल गौड़, प्रमोद गुप्ता, योगेंदर राजोरा, रंजन त्यागी, अनिल गौड़, मीडिया प्रभारी दीपक चौहान, नेहा उप्रेती मौजूद रहे। सांसद मनोज तिवारी ने बताया हम हर वर्ष अपने प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं और जन सेवाओं को सेवा पखवाड़ा के रूप मे पूरे भारत में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करके मनाया जाता हैं। आज उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली जिसमें रक्तदान स्वास्थ्य सेवाएं स्वच्छता अभियान मनाया गया। युवा मैराथन प्रबुद्ध जीवी सम्मेलन व विभिन्न खेलों का आयोजन भी आगे जारी रहेगा। इसीलिए यह 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलता है। कई कार्यक्रम 2 अक्टूबर के बाद भी निरंतर आगे चालू रहते हैं।

जिला अध्यक्ष डॉक्टर यूके चौधरी ने बताया हमारा लक्ष्य 75 यूनिट रक्तदान का था, परंतु कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर इस आंकड़े को बढ़ाकर 100 यूनिट से अधिक किया। यही प्यार और इसने दिखता है।

# सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले केवल पार्क इलाके में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवीन त्यागी ने बताया कि इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया और हनुमान चालीसा पाठ कर केक काटा गया और प्रसाद का वितरण गया। इसके अलावा अतिशबाजी भी की गई।

इस मौके पर पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, ओम प्रकाश कौशिक, हरीश भारद्वाज, सुभाष कादयान, मनोज बाल्यान, विक्रम सोमानी, अर्चना त्यागी, सुनील अवस्थी शाह जी, देशराज गुप्ता, कपूर सिंह दहिया, कविता, मंजू गुप्ता, बेबी बाल्यान, बिंदिया त्यागी, महावीर बंसल, अंजू गांधी, तविन्द्र पांडेय, पदम सिंह, नीरज सिंह, इन्द्रजीत सिंह, आदित्य त्यागी, राहुल शर्मा, श्रवण तिवारी, सीताराम, गोपाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सीएचसी हलालपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी सोनीपत के जिला कार्यकारिणी सदस्य दौलत राम भारद्वाज ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर भारद्वाज ने उपस्थित जनसमूह के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन केक काटकर मनाया। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सीएचसी परिसर में एक पौधा भी रोपित किया।

सीएचसी के एसएमओ डॉ. अनिल सचदेवा ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। सेवा पखवाड़ा के दौरान स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें परामर्श दिया। समारोह में संजय छतेरा, राधा कृष्ण, नारायण प्रकाश(खेड़ा खुर्द), सतनारायण शर्मा, श्याम लाल (हलालपुर), समाजसेवी भूप सिंह दहिया, हेल्थ इंस्पेक्टर राजकुमार सहित सीएचसी हलालपुर के सभी चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली विश्व विद्यालय** छात्र संघ चुनावों की सरगर्मी अपने चरम पर है। जिसके चलते कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने 18 सितंबर 2025 को होने वाली वोटिंग से पहले अपना कैंपेन तेज कर दिया है। बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देश पर पूरी प्रदेश कमेटी के नेता कैंपेन को समर्थन देते हुए नजर आए। एक तरफ छात्रों के बीच लोकप्रिय और नेता विपक्ष राहुल गांधी भी अकसर छात्रों से



मिलकर उनकी जरूरतों को संसद पटल पर उठाते रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की तरफ से महिला उम्मीदवार होना भी एक अच्छा ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। उमस भरी गर्मी में दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंपस में छात्र छात्राओं को वोट देने के लिए प्रेरित करते करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज और उनकी टीम का कहना है कि एनएसयूआई हमारी पार्टी का गौरवशाली छात्र संगठन है।

# हैदरपुर में श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः पूर्वांचल युवा** शक्ति दल की ओर से पांचवां श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव और शानदार बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रामजी कंपलेक्स डीए ब्लॉक हैदरपुर शालामार गांव के पास किया गया। उक्त जानकारी शालीमार बाग के समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने दी। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान भव्य रूप से विश्वकर्मा पूजा आयोजन किया जा रहा है। साथ ही यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर रामकुमार चौहान, संरक्षक छोटे लाल यादव,



महासचिव रामप्रवेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष आरके चौहान, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, संयोजक रामकिशोर सिंह, सलाहकार संजीत सिंह, सलाहकार रामकिशोर चौहान, महामंत्री राम विजय चौहान, राजकुमार चौधरी रानी कुमारी, शिवम कुमार शिवराज मौजूद रहे।

# शालीमार बागः ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने किया हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः हिंदी दिवस** के उपलक्ष्य में ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी के विभिन्न केंद्रों पर बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को 2-3 प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिला। वरिष्ठ सदस्य मंजू गौर के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हिंदी दिवस मनाया गया। उन्होंने बच्चों को हिंदी में चार्ट, कविताएं, निबंध और भाषण बनाने में मदद की। उन्होंने बच्चों के लिए सुंदर पुरस्कार की व्यवस्था की। वरिष्ठ सदस्यों आशा गौरी शंकर, रंजना अग्रवाल, अपेशा, किरण, वंदना, भावना, सत्यम, मधु, सुदेश कपूर और अनुराधा ने भी हिंदी दिवस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बनाने में बहुत मदद की। सबसे पहले सुलेख लेखन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने बोर्ड से देखकर सुलेख लिखा।

# डॉ. विनय कंसल आदर्श कर्म योद्धा सम्मान से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः आदर्श संस्थान** शाला मथुरा उत्तर-प्रदेश द्वारा बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज मथुरा के सभागार में आयोजित किए गए संस्कार महाकुंभ-2025 के भव्य आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर दीपक गोस्वामी ने बताया कि इस संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में दिल्ली से पधारे डॉक्टर विनय कंसल पर्यावरणविद को उनके द्वारा पर्यावरण जागृति, शिक्षा एवं संरक्षण के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों पर सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि



उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम एवं नियोजन विभाग के राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी के कर कमलों द्वारा आदर्श कर्म योद्धा सम्मान-2025 से अलंकृत किया गया। जिसमें डॉक्टर विनय कंसल को सम्मान पत्र, श्री बांके बिहारी जी का सुंदर चित्र, मोतियों की माला, पंचगव्य से निर्मित दिए एवं हवन सामग्री, तुलसी का पौधा आदि प्रदान किया गया।

# पीएम ने सुनिश्चित किया गरीबों का उत्थान: डॉ अरविंद





**गोहाना, बलराम**

**सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसेवा के दौरान न केवल भारत को दुनिया के मंच पर सशक्त बनाया है, अपितु देश में अपनी लोकहित योजनाओं के माध्यम से वंचित समुदाय व गरीब उत्थान को सुनिश्चित किया है। आज हमें मिलकर उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि समाज के अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्ति को सशक्त बनाया जा सके। बुधवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा अभियान के तहत भगवान परशुराम चौक पर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गोहानावासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। रक्तदाताओं को बैज लगाकर व गोहाना की मशहूर जलेबी खिलाकर प्रोत्साहित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जनसेवा को समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। 18-20 घण्टे तक प्रतिदिन काम करना, छुट्टी न लेना उनकी देशवासियों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एक अच्छे जनसेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत बनाया है। देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से चौथे स्थान पर लाना और शीघ्र लोकल फार वोकल अभियान के तहत इसे 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाना उनका संकल्प है। हमें मिलकर उनके संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने के लिए हर भारतीय, हर गोहानावासी को काम करना है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 11 सालों में देश मे लोकहित योजनाओं के माध्यम से किसान, महिला, श्रमिक, गरीब, छोटे उद्यमी, युवाओं को सशक्त बनाने व आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। हम सब इस बदलाव को महसूस कर रहे हैं, जिसकी बदौलत आज देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश सेवा पखवाडा के आगाज के साथ प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन पूरे धूमधाम से मना रहा है। हर वर्ग, हर तबके में उनके प्रति जोश, उत्साह है। आज आमजन रक्तदान शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, हवन, स्वास्थ्य जांच शिविर की तरह बड़े-बड़े आयोजनों के माध्यम से कृतज्ञता का भाव प्रकट कर रहा है।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप्रचार्या डॉ अनुराधा सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय की विधिक प्रकोष्ठ द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की एडवोकेट नेहा गुप्ता ने शिरकत। एडवोकेट नेहा गुप्ता ने अपने वक्तव्य में छात्रों को सूचना का अधिकार, साइबर अपराध, दीवानी व आपराधिक मामले, वैवाहिक मुकदमे, महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराध, पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय बोर्ड और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संबंधित जानकारी तथा निःशुल्क विधिक सहायता के साधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधित किया। उन्होंने छात्र-छात्रओं को बताया कि कानून केवल न्यायालय की दीवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के दैनिक जीवन से जुड़ा हुआ है। जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है और समाज में न्याय स्थापित करने में योगदान दे सकता है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने

## न्यूज फ्लैश

### महिला सांस्कृतिक केंद्रों में भजन-कीर्तन, वहीं ताजपुर से स्वच्छता ही सेवा का हुआ शुभारंभ



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला परिषद एवं डीआरडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह (एचसीएस) ने बुधवार को ताजपुर में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए स्वयं ग्रामीण महिलाओं, सरपंच व अन्य अधिकारियों के साथ गांव में सफाई अभियान की शुरूआत की और लोगों से अपील की कि वे एकल-उपयोग प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, गलियों, फिरनी व सरकारी भवनों को स्वच्छ बनाए रखने में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत ताजपुर में मनरेगा स्कीम के अंतर्गत चल रहे प्रगतिशील कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कार्यरत मजदूरों व मेट्स को योजनानुसार दिशा-निर्देश दिए तथा गांव की व्यायामशालाओं का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक हिदायतें दीं। खंड बापौली के ताजपुर गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्रों के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य उनका ग्रामीण महिलाओं व सरपंच द्वारा फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय गौशाला मंदिर हॉल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र करनाल से सांसद एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने रक्तदाताओं का बैज लगाकर अभिनंदन किया और कहा कि युवाओं को जीवन रक्षक इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को समाज का सच्चा हीरो बताया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस दौरान लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है और मैं इस अवसर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देता हूं और 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक इस अवसर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा में बहुत से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कार्यक्रम चल रहे हैं और स्वच्छता अभियान भी चल रहे हैं यह कार्यक्रम 15 दिन तक चलेगा। शहरी विधायक प्रमोद विज ने अपने संबोधन में कहा कि रक्त का हर एक यूनिट किसी जरूरतमंद की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हमें रक्तदान से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए।

## पानीपत में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 17 सितंबर से

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** मुख्यमंत्री नायब सिंह के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में 17 सितंबर से रोजगार सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला रोजगार कार्यालय की ओर से यह शिविर 18 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय परिसर, पानीपत में लगाया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों से अवगत कराना है। साथ ही प्रतिभागियों को स्वावलंबन और रोजगार की दिशा में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना भी इस पहल का अहम हिस्सा है।

शिविर में आने वाले युवाओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपना बायोडाटा, रोजगार पंजीकरण संख्या, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज तथा पहचान पत्र साथ लेकर पहुंचें।

उन्होंने बताया कि युवाओं की सुविधा के लिए शिविर में करियर काउंसलिंग, व्यावसायिक मार्गदर्शन केंद्र, सरकारी नौकरियों की जानकारी देने वाला करियर डेस्क और योजनाओं की जानकारी देने वाले काउंटर लगाए जाएंगे।

## विशाल रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जीटी रोड स्थित गौशाला मंदिर हाल में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें रक्तदाता बैज पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्त से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान से न केवल जीवन बचता है, बल्कि यह समाज के प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को भी दशार्ता है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज सेवा में योगदान दें। महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंत्री कृष्ण लाल पंवार का शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को समाजसेवा को समर्पित करते हुए यह शिविर आयोजित किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान की प्रेरणा लें और जरूरतमंदों की मदद हो सके। समाचार लिखे जाने तक शिविर में 450 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लेकर रक्तदान किया था। इनमें कई नियमित रक्तदाता भी शामिल थे। 25वीं बार रक्तदान करने वाले डोनर अमित ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जब उनका रक्त किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में काम आता है तो उन्हें आत्मिक संतोष और गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन जीने की ओर भी प्रेरित करता है। शिविर में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक संगठनों के सदस्य और आमजन शामिल हुए। आयोजन स्थल पर उत्साह और सेवा की भावना स्पष्ट झलक रही थी। रक्तदाताओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी और उन्हें पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया शाहबाद थाना क्षेत्र का दौरा, दिए दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा**
**(प्रदीप कुमार)** : पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने थाना शाहाबाद क्षेत्र का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक ने शाहाबाद क्षेत्र में प्रशासन द्वारा लगाए नाकों को चेक किया तथा नाकों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने थाना शाहबाद एरिया का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में लगे नाकों को चेक किया। पुलिस अधीक्षक ने नाकों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी से संबंधित निर्देश दिए कि कोई भी वाहन या व्यक्ति यदि संदिग्ध है तो उसकी गहनता से जांच की जाए । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि फायरिंग मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को अच्छी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया है।

## खेल प्रतियोगिता में जोनल स्तरीय श्रमिक खिलाड़ी भाग लेंगे

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** औद्यागिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक एवं स्पोर्टस मीट 2025 के नोडल अधिकारी धर्मपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा पूर्व वर्षो की भान्ति बुधवार 18 सितम्बर व वीरवार 19 सितम्बर को जोनल लेवल श्रमिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाऊन पानीपत में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में जोनल स्तरीय श्रमिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

## स्वच्छता अभियान पर्यावरण संतुलन में सहयोगी: प्रो. सोमनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि स्वच्छता अभियान पर्यावरण संतुलन में सहयोगी है। इसलिए स्वच्छता एवं सेवा अभियान हम सबकी जिम्मेदारी है। यह न सिर्फ विश्वविद्यालय के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि यह छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरण की देखभाल और समाज सेवा के प्रति भी जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर इस तरह के आयोजनों से एक सकारात्मक संदेश फैलता है कि हम सभी को अपने समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए।

यह उद्गार कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग की ओर से आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत केयू परिसर में स्वच्छता एवं सेवा अभियान की शुरूआत करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारम्भ किया।

**जागरूक**

**छात्रों और शिक्षकों को पर्यावरण की देखभाल और समाज सेवा के प्रति भी जागरूक करेगा**

कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केयू को पहले भी ग्रीन कैम्पस का अवार्ड मिल चुका है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से भी केयू को ग्रीन कैम्पस के साथ क्लीन कैम्पस बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

## श्रमिकों के सम्मान व जागरूकता को समर्पित विशेष अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के अंतर्गत बुधवार को प्रातः 7 बजे से जिले के विभिन्न लेबर चौकों पर श्रमिक जागरूकता अभियान चलाया गया। औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डी.पी. सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोडकर उन्हें सशक्त और जागरूक बनाना है ताकि वे अपने अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। यह कार्यक्रम आगामी 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले समारोह की कड़ी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की इस कड़ी में नूरवाला बरसत रोड चौक पर वार्ड नं. 02 की पार्षद काजल शर्मा, डी.पी. सिंह उपनिदेशक (औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य) व श्रम निरीक्षक ललित मौजूद रहे। तहसील कैम्प जी.टी. रोड पर वार्ड नं. 5 के पार्षद जयदीप अरोड़ा व श्रम निरीक्षक अनीता ने श्रमिकों को संबोधित किया।

इस मौके पर संजय चौक जी.टी. रोड पर वार्ड नं. 22 के पार्षद रोकी गहलोत व श्रम निरीक्षक नवीन उपस्थित रहे व सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसी प्रकार 8 मरला चौक मॉडल टाउन वार्ड नं. 19 की पार्षद नेहा शर्मा व श्रम निरीक्षक रीना ने श्रमिकों को योजनाओं से अवगत कराया। इसी कड़ी में समालखा चुलकाना फ्लाईओवर पर नगरपालिका समालखा के प्रधान अशोक कुमार व श्रम निरीक्षक बलजीत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## बुधवार को गांव मनाना से हुई सेवा पखवाड़े की शुरूआत




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ मंगलवार को जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला मिशन निदेशक, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डॉ. किरण सिंह ने समालखा खंड के गांव मनाना से किया। इस अवसर पर पौधारोपण कर महिलाओं को रोजगार से जुड? और आजीविका बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुन्तजिर आलम ने जानकारी दी कि सेवा पखवाड़ा के दौरान जिले के उन गांवों में विशेष कार्यक्रम होंगे जहां सबसे अधिक समूह सक्रिय हैं, सबसे ज्यादा लखपति दीदी कार्यरत हैं और जहां सबसे अधिक महिला उद्यमी कार्य कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि इन गांवों में महिलाओं के साथ मिलकर पौधारोपण, सफाई अभियान और कन्वर्जेंस मेले का आयोजन किया जाएगा। विदित रहे कि वर्तमान में गांव मनाना में 42 समूह चल रहे हैं।

## अम्बाला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का किया शुभारंभ






**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मानव चौक के नजदीक श्रमदान, पौधारोपण कर सभी को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का काम किया। यहां पहुंचने पर नगर निगम कमीशनर विरेन्द्र लाठर, एएमसी दीपक सूरा व एसडीएम दर्शन कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश मेहता, एचसीएस प्रतीक हुडा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप व एसडीएम दर्शन कुमार मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आन, शान बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज यानि 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है जोकि 02 अक्तूबर तक चलेगा। इस पखवाड़े के तहत 4 महापुरूषों की जयंतियां भी आ रही है जिनमें 25 सितम्बर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती व 02 अक्तूबर को राष्ट्रपति महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। उन्होंने कहा कि इन 15 दिनों में सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।



# अच्छी नहीं हरदम खाने की लत

यदि आप बहुतायत में पौष्टिक चीजें खाते रहते हैं या फिर मिठाई, चटपटे स्नैक्स और फास्ट फूड को देख कर खुद पर काबू नहीं रख पाते तो दोनों ही स्थितियों में आप फूड एडिक्शन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं,

### कई रोगों का खतरा

**मोटापा:** खाने के लती भोजन की मात्रा पर नियंत्रण नहीं रख पाते और अधिक भोजन कर लेते हैं, जिससे मोटापे की आशंका बढ़ जाती है।

**जीवनशैली में गड़बड़ी:** प्रोसेस्ड और फास्ट फूड का अधिक सेवन जीवनशैली की गड़बड़ी से जुड़ा है। इनमें नमक, चीनी और वसा अधिक होती है, जिससे मधुमेह, हाइपरटेंशन और हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे लोगों का सामाजिक दायरा भी कम होता जाता है।

*उच्च* कैलरी व तेल-मसाले वाले व्यंजन निश्चित रूप से खाने में जायकेदार लगते हैं, लेकिन हर समय इन्हें खाते हुए सेहत के प्रति लापरवाही बरतना ठीक नहीं है। क्या खाने लायक कुछ भी सामने आ जाने पर आप उसे खाए बिना नहीं रह पाते? क्या पेट भरा होने के बाद भी कुछ न कुछ खाते रहते हैं? इस आदत पर किसी और से बात करते हुए संकोच महसूस करते हैं? यदि हां तो सतर्क हो जाएं, यह लक्षण फूड एडिक्शन यानी खाने की लत की ओर इशारा कर रहे हैं।

### क्या है फूड एडिक्शन?

ड्रग्स या अल्कोहल की लत की तरह ही खाने की लत भी एक बायोकेमिकल स्थिति है, जिसमें कुछ खास तरह की खाने की चीजें मसलन मीठा या उच्च कैलरी वाली चीजों को खाने की इच्छा बार-बार होती है। खाने के दौरान व्यक्ति को अच्छा महसूस होता है, इसलिए पेट भरने या भूख से ज्यादा खाना खा लेने का एहसास नहीं होता। दरअसल खाने की ये चीजें शराब और ड्रग्स की तरह मस्तिष्क में डोपामाइन हार्मोन रिलीज करती हैं, जिससे व्यक्ति का मूड अच्छा हो जाता है। यही वजह है कि कई बार लोग केवल मूड अच्छा करने के लिए इन चीजों को बार-बार खाने लगते हैं।

### कारण को जानें

खाने की लत मुख्य रूप से दो वजहों से होती है। पहली वजह है जीवनशैली। भारतीय जीवनशैली में मीठे का अधिक इस्तेमाल लोगों को मीठे का एडिक्ट बना देता है। यही बात नमकीन और मिर्च-मसालेदार खाने की चीजों पर भी लागू होती है। लोग इनका जितना अधिक सेवन करते हैं, उन्हें खाने की इच्छा उतनी ही प्रबल होती जाती है। दूसरी वजह भावनात्मक है। अक्सर अकेला और असुरक्षित महसूस करने या किसी भावनात्मक परेशानी से जूझने के दौरान लोग अच्छा महसूस करने के लिए खाने का सहारा लेते हैं। बच्चे भी असुरक्षा की भावना या परीक्षा की चिंता दूर करने के लिए फास्ट फूड आदि का सहारा लेते हैं।

### प्रबल इच्छा कहीं कमी तो नहीं?

कई बार शरीर में कुछ तत्वों की कमी होने की वजह से कुछ खास चीजों को खाने की प्रबल इच्छा होती है। जैसे यदि शरीर को डेयरी प्रॉडक्ट्स की जरूरत महसूस हो रही है तो नमकीन खाने की इच्छा अधिक होगी। इसी तरह बी कॉम्प्लेक्स की कमी होने पर मीठा खाने का अधिक मन करता है। मिनरल और कैल्शियम की कमी होने पर शरीर में क्रैंप पड़ जाते हैं। ऐसी स्थिति में न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से डाइट में बदलाव करना जरूरी होता है।

### पोषक चीजों का एडिक्शन

फूड एडिक्शन अच्छा और बुरा दोनों तरह का हो सकता है, पर दोनों ही स्थितियों में नतीजा बुरा ही होता है। खान-पान संबंधी जागरुकता का नतीजा है कि लोग सेहतमंद खान-पान पर जरूरत से ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। ऐसे में कुछ खास चीजों का सेवन अधिक करने के कारण कई बार शरीर के लिए जरूरी अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जो परेशानी का कारण बन जाता है।

### विशेषज्ञ की राय

दिल्ली के गोल्ड जिम से जुड़ी वेलनेस एक्सपर्ट और न्यूट्रिशनिस्ट तपस्या मूंदड़ा बताती हैं कि फूड एडिक्शन के लक्षण नजर आने पर सबसे पहले व्यक्ति की काउंसलिंग की जाती है। जब तक पीड़ित व्यक्ति सहज होकर अपनी परेशानी के बारे में नहीं बताता, तब तक उसका लत से बाहर आना मुश्किल होता है। आमतौर पर इसे ठीक होने में एक से तीन महीने तक का समय लग सकता है। यदि आप भी कुछ ऐसा महसूस कर रहे हैं तो इन तरीकों को अपनाएं..

- फूड एडिक्शन के लिए मन पर काबू पाना जरूरी है। नियमित व्यायाम, योग क्रियाएं व प्राणायाम इसमें कारगर उपाय हैं।
- नींद अवश्य पूरी करें। 'वाई एम आई सो एग्जॉस्टेड' के लेखक मार्टिन बड का कहना है कि नींद पूरी न होने पर हम थके होते हैं, जिससे मीठा खाने की इच्छा बढ़ती है। पर्याप्त नींद लेना मीठा खाने की ललक को कम करता है।
- भोजन में हरी सब्जियां, मूली, गाजर, खीरा आदि सलाद के रूप में लें। इनसे रक्त शर्करा नियंत्रित रहती है। हरी सब्जियों में भरपूर मैग्नीशियम होता है, जो तनाव को कम करता है। ज्यादातर के शरीर में इस तत्व की कमी पाई जाती है।
- बार-बार खाने की ललक होना यह भी दर्शाता है कि शरीर में पोषक तत्वों की कमी है। संतुलित भोजन करें, बार-बार खाने की ललक खुद कम हो जाएगी।
- जरूरत महसूस होने पर काउंसलर, न्यूट्रिशनिस्ट और परिवार के सदस्यों की मदद लेने में संकोच न करें।

### पूरी तरह मन न मसोसें

- गोलगप्पे, चाट, छोले-भटूरे, ब्राउनीज आदि देखते ही मुंह में पानी आ जाता है। इन्हें देख खाने का मन करे तो पूरी तरह खुद को रोके नहीं। स्मार्ट तरीका अपनाएं। यदि वजन कम करना है तो पंद्रह दिन में एक बार इनमें से जो खाने का मन हो या पिज्जा, पास्ता, चिकन रोल, बर्गर, कटलेट आदि जो पसंद है, वे खाएं।
- दस दिन में एक बार आइसक्रीम या मिठाई खाने में कोई हर्ज नहीं, पर मात्रा कम रखें।
- तेज कदमों से चलें या दिन में दो बार आधे घंटे के लिए जॉगिंग करें। नियमित व्यायाम करते हैं तो कभी-कभार पार्टी आदि में खाने से नुकसान नहीं होगा।
- मेवों से बने लड्डू में कैलरी अधिक होती है, पर यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। 14 दिन में एक बार नाश्ते के साथ लड्डू खाएं। बार-बार न खाएं। भोजन से अलग बीच में खाने पर मीठे से मिलने वाली कैलरी वसा के रूप में जमा हो जाती है और पोषक तत्वों का शरीर को पूरा लाभ नहीं मिल पाता।
- पनीर, मूंगफली, केला, चावल और आलू का सेवन मोटा नहीं करता, पर इनमें कैलरी ज्यादा होती है। डाइट में प्रोटीन, काबरेहाइड्रेट और फैट संतुलित मात्रा में रखें।
- यदि आप हर रोज कोई एक चीज खाते हैं तो धीरे-धीरे अपनी डाइट से उसकी मात्रा कम करते जाएं।
- खुद को दूसरे कामों में व्यस्त रखें।
- यदि लगता है कि व्यक्ति अकेलेपन, बोरियत या अवसाद के कारण अनियंत्रित भोजन कर रहा है तो उसके आसपास के लोग उसे सहयोग दें। उसके साथ समय बिताएं। कहीं घूमने जाएं। पहेली सुलझाना, किताब पढ़ना, संगीत सुनना भी अच्छे विकल्प हैं।

### क्या आप में हैं ये लक्षण?

- हर पहर में ज्यादा भोजन करना।
- भूख न लगने पर भी कुछ न कुछ खाते रहना।
- खाने से जुड़ी गतिविधियों में समय बिताना, मसलन घर पर फास्टफूड तैयार करना या हर समय खाने की चीजों को खरीदने की इच्छा होना।
- खाना उपलब्ध न होने पर ड्रग एडिक्ट्स की तरह व्यवहार करना। अवसाद का शिकार होने पर अनियंत्रित तरीके से खाना। देर रात में उठ कर भी खाने लगना।

## इन्हें खाने से खुद को रोकें ऐसे

### गर्म और तीखा

कई बार शरीर का तापमान नियंत्रित नहीं रह पाता। ऐसा ठंड में भी होता है। मीनोपॉज के नजदीक पहुंच रही महिलाओं में हो रहे हार्मोन परिवर्तन से भी ऐसा होता है। ऐसा जिंक की कमी से हो सकता है। भोजन में सी फूड और हरी सब्जियां शामिल करें। समोसा या नूडल्स खाने की बजाय सेहतमंद सूप पिएं।

### रेड मीट

शरीर में लौह तत्वों की कमी से रेड मीट खाने की इच्छा होती है। इस कमी को पूरा करने के लिए गाढ़े हरे रंग की सब्जियों का सेवन करें। साथ में खट्टे फल, एक गिलास संतरे का जूस भी लें, ताकि शरीर प्रोटीन को अवशोषित कर सके।

### नमकीन

मुमकिन है कि शरीर में क्लोराइड की कमी हो। इसे पूरा करने के लिए नमकीन चिप्स, फ्रेंच फ्राइज की बजाय खीरा, पालक, मछली आदि का सेवन करें।

### मीठा

*मीठा खाने की तीव्र इच्छा होने पर कोई मीठा फल खाएं। इससे फाइबर और पोषक तत्व मिलेंगे, साथ ही प्राकृतिक मिठास ललक को शांत करेगी।

*दो-तीन घंटे के अंतराल पर हेल्दी डाइट लेने से मीठे की चाह को काबू किया जा सकता है। हर पहर के भोजन के बीच जितना फासला रखेंगे, मीठा और वसायुक्त खाने की ललक उतनी ही ज्यादा होगी। नियमित अंतराल पर भोजन करने से ब्लड शुगर व मीठे की ललक पर काबू रहेगा। कभी-कभी च्यूइंगगम या ड्राइफ्रूट खाएं।

### गरिष्ठ चीजें खाना

इस श्रेणी में फास्ट फूड, अधिक तेलयुक्त व्यंजनों, मीठी चीजों व पनीर आदि को शामिल किया जाता है। अक्सर लो कैलरी डाइट पर रहने वालों में इन्हें खाने की अधिक इच्छा होती है। शरीर में कैलरी की कमी इस तरह की चीजों के प्रति आकर्षित करती है। छोटे-छोटे अंतराल पर भोजन करें।

### डेयरी पदार्थ, ब्रेड व बिस्कुट

डेयरी और ग्लूटेन युक्त अनाज में ओपियोइड पेप्टाइड्स होते हैं। ये अमीनो-ऐसिड होते हैं, जो शरीर पर अफीम की तरह असर करते हैं। एनडॉर्फिन हार्मोन इन्हें खाने की लत बढ़ा देता है। किसी एक चीज को डाइट से हटा कर देखें कि मूड पर क्या असर पड़ता है। फिर धीरे-धीरे अन्य चीजों को भी कम करें।



# दांत हैं सेहत का आईना

दांतों और मसूड़ों में दिक्कत का मतलब हमेशा यह नहीं होता कि दांत खराब हो रहे हैं। शोधों की मानें तो मुंह से जुड़े संक्रमणों का शरीर में होने वाले रोगों से गहरा संबंध होता है।

### ऑस्टियोपोरोसिस

दांत के एक्सरे में काले धब्बे हड्डियों से जुड़ी समस्याओं की ओर संकेत देते हैं। शोध यह भी बताते हैं कि ऑस्टियोपोरोसिस के कारण दांत कम उम्र में ही गिरने लगते हैं।

### मुंह का कैंसर

मसूड़ों के ऊतकों में सफेद धब्बे कई रोगों का संकेत देते हैं। हालांकि डॉक्टर मानते हैं कि सफेद धब्बे हमेशा मुंह का कैंसर होने का संकेत नहीं देते, पर किसी भी आशंका से बचने के लिए जरूरी है कि डॉक्टर से संपर्क करें।

### हृदय की बीमारी

मसूड़ों का रंग गुलाबी हो जाए या हल्के लाल रंग का हो रहा हो तो ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। अपने दांत रोज साफ करें। यह केविटी और अन्य रोगों से बचाव करेगा। हृदय रोगों से भी सुरक्षा मिलेगी। दांतों पर जमने वाले प्लाक की वजह से हृदय रोगों की आशंका बढ़ जाती है। डॉक्टर कहते हैं कि अगर मसूड़ों से खून निकल रहा है और उनकी रक्त वाहिकाएं खुली हुई हैं तो इससे बैक्टीरिया खून में प्रवेश करने लगते हैं। इससे रक्त-वाहिकाओं में खून का थक्का बनने का खतरा बढ़ जाता है।

### तनाव

डॉक्टरों के अनुसार दांतों में दरार पड़ने या टूट-फूट के कारण शरीर में सभी तरह के फंगल, वायरल और बैक्टीरियल संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। तनाव की वजह से मुंह में टेंपरोमेंडीबुलर ज्वांइट सिंड्रोम (टीएमजे) और मायोफेशियल पेन डिसफंक्शन (एमपीडी) जैसी समस्याएं होती हैं। टीएमजे की वजह से जबडमें के ज्वाइंट और लिगामेंट्स में काफी दर्द होता है। इंफेक्शन होने पर रोगी मुंह को सही तरीके से नहीं खोल पाता और मुंह खोलने में अकड़न और दर्द महसूस होता है। लापरवाही न करें। चिकित्सक से परामर्श लें।

### किडनी की बीमारी

जिन लोगों को किडनी से जुड़ी कोई परेशानी होती है, उनका तंत्रिका तंत्र भी कमजोर होता है यानी उनमें इंफेक्शन की आशंका अधिक होती है। किडनी के रोगियों के जबड़ों की हड्डियां जल्दी कमजोर होती हैं। कैल्शियम की अपर्याप्तता की वजह से दांत गिरने तक लगते हैं। अगर सांस लेने के दौरान अमोनिया जैसी बदबू आती है तो यह किडनी की बीमारी का संकेत हो सकता है। किडनी की बीमारी होने की स्थिति में सबसे ज्यादा प्रभाव मसूड़ों पर पड़ता है।



# लो ब्लड प्रेशर

## दे सकती है भयानक बीमारी को न्योता

आज के इस दौर में लो ब्लड प्रेशर काफी लोगों को प्रभावित करता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को मस्तिष्क तक पहुंचने से रोकता है। जिससे कई प्रकार के रोग शरीर में उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए इसे मामूली ना समझें। 65 साल से अधिक उम्र के 15-20 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त रहते हैं। ब्लड प्रेशर (90-60) को डॉक्टरी भाषा में हाइपो टेंशन कहते हैं। वैसे लो ?लड प्रेशर अपने आपमें कोई बीमारी नहीं है, लेकिन यह शरीर में पल रही किसी गंभीर बीमारी जैसे हृदय रोग, तंत्रिका तंत्र की गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। आइए जानें इस बारे में।



### लक्षण

*छाती में दर्द, सांस फूलना, अनियमित धड़कनें, तेज बुखार, गर्दन का अकड़ जाना, अगर ज्यादा लंबे समय तक लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो तो उल्टी और डायरिया भी हो सकती है, बेहोशी, अत्यधिक थकान, कुछ समय के लिए धुंधला या कुछ दिखाई न देना।

### लो ब्लड प्रेशर के कारण

*गर्भावस्था, हार्मोन असंतुलन जैसे कि थायरॉइड की सक्रियता कम हो जाना

*स्ट्रोक, लीवर की बीमारियां

*डायबिटीज या लो ब्लड शुगर, दवाओं का प्रभाव, हृदय की असामान्य धड़कनें, हार्ट फेलियर, रक्त नलिकाओं का फेल जाना

*इसके अलावा कुछ अत्यावश्यक विटामिनों जैसे बी-12 और आयरन की कमी एनीमिया का कारण बन सकती है, जो लो ब्लड प्रेशर में बदल सकता है।

### क्या है बचाव

*कम से कम आठ गिलास पानी और तरल पदार्थ रोज पिएं।

*जब लेटे हों तो सीधे उठकर खड़े न हों। पहले बैठें, कुछ सेकेंड रुके? फिर उठकर खड़े हों।

*अगर खाने के बाद ब्लड प्रेशर कम हो जाता है तो थोड़ी मात्र में खाएं। दिन में तीन बार अधिक मात्र में खाने की बजाए छह बार थोड़ी मात्र में खाएं। खाने के बाद थोड़ा आराम करें। भोजन में काबरेहाइड्रेट की मात्र कम कर दें।

*डॉक्टर की सलाह से खाने के साथ एक कप चाय या कॉफी पिएं।

*खाने में नमक की मात्र बढ़ा दें।

*हाइपरवोलेमिया के कारण भी यह हो सकता है। इसमें तरल पदार्थो की कमी हो जाती है।

*अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं ले रहे हैं तो शराब का सेवन पूरी तरह बंद कर दें।

*पोस्टुरल हाइपोटेंशन सुबह के समय ज्यादा होता है, क्योंकि रातभर में शरीर में सोडियम (नमक) की मात्र कम हो जाती है।

*डायलिसिस कराने या डायबिटीज का उपचार कराने से भी यह समस्या हो सकती है।

*पोस्ट प्रनडियल हाइपोटेंशन खाने के बाद होता है। खाना खाने के बाद रक्त में ग्लूकोज की मात्र अचानक बढ़ जाती है। ऐसे लोग भोजन में काबरेहाइड्रेट का सेवन कम करें।

### उपचार

*अगर एड्रीनल ग्लैंड के काम न करने से लो ब्लड प्रेशर है तो आपको हार्मोन रिप्लेसमेंट की आवश्यकता पड़ेगी।

*सबसे जरूरी है कारणों का पता लगाना, ताकि ठीक तरह से उपचार किया जाए। अगर किसी दवा से लो ब्लड प्रेशर हो तो उसकी वैकल्पिक दवाई दी जा सकती है।

### घरेलू उपचार

*मिट्टी के बर्तन में 32 किशमिश भिगोएं। बर्तन को पानी से पूरा भर दें। सुबह खाली पेट उन्हें एक-एक कर चबाएं, उसके बाद पानी पी लें।

*जो लोग लो ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं उन्हें नमक ज्यादा खाना चाहिए।

*सात बादाम को रातभर भिगोएं। उसका छिलका उतारकर पीस लें और दूध में थोड़ी देर उबाल लें। इसे गुनगुने रूप में पी लें।

*एक कप शकरकंद का जूस दिन में दो बार पिएं। यह लो ब्लड प्रेशर का सबसे अच्छा घरेलू उपचार है।

*अगर आपको लगातार चक्कर आ रहे हों तो पानी ज्यादा पिएं।

*तुलसी की 10-15 पत्तियों का रस निकाल लें और उसे एक चम्मच शहद के साथ खाली पेट सेवन कर लें।